   जहाँ हर दिन रविवार होता है,
   हर दिल में प्यार होता है,
   पर आखिरी दिन बड़ा बेकार होता है।

❑

Our Bhavdiya College full of fun and Knowledge

—Amit Kumar Verma
B. Pharm, IInd Year

Our Bhavdiya, College is full of Knowledge
And full of fun college, that organised
Many function for us.

My intresting Subjects like Pharmaceutics,
Human Anatomy and Physiology,
Inorganic chemistry teached by facalty for us.

These were the best days of my life in Bhavdiya.
When fun and frolic way life,
A refreshing realm of Knowledge
Was fresher party organise for us.

Funny friends and loving lectures
And subject suited my sensitive nature
Every test that come my way
Be it handle, by the intresting way.

So; how can not we go to Bhavdiya college
Where education was mixed with entertainment
College was learning never Punishment
Please, go and enjoy like me and you.

❖❖❖

जीवन एक संघर्ष है

—आदर्श वर्मा
बी. फार्म, द्वितीय वर्ष

जीवन में संघर्ष है प्रकृति के साथ, स्वयं के साथ, परिस्थितियों के साथ, तरह-तरह के संघर्षों का सामना आये दिन हम सबको करना पड़ता है और इनसे जूझना होता है जो इन संघर्षों का सामना करने से कतराते हैं वो जीवन से भी डर जाते हैं। जीवन भी उनका साथ नहीं देता है।

"माना कि जिन्दगी में गम है बहुत,
खुशियाँ बेशुमार नहीं।
पर एक पल भी मुस्कुरा न सकें
इतने भी हम बीमार नहीं।।"

जिन्होंने जीवन में सफल होने के लिए बहुत संघर्ष किये हैं और सफल भी होते हैं अत: जो संघर्ष करते हैं वो जरूर सफल होते हैं। जब हम कोई कार्य करते हैं तो हमारे मार्ग में बहुत-सी बाधाएँ आती हैं। लेकिन हमें इन बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए। बहुत से लोग आपको आपके लक्ष्य से विचलित करने का असफल प्रयास करेंगे, लेकिन हमें उनकी तरफ ध्यान न देकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए जिससे हमारे सपने और इच्छाएँ जुड़ी हैं।

किसी ने ठीक ही कहा है—

"कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है"

हमारे देश में बहुत से नवयुवक जो जीवन में सफल होने के लिए एक या दो प्रयास करते हैं और अंत में वे सफल नहीं हो पाते हैं तो अपनी किस्मत को या ईश्वर को दोषी ठहराने से अच्छा है कि वे एक बार पुन: सफल प्रयास करें। ईश्वर से मन्नतें माँगते हैं पर वे यह नहीं जानते हैं कि वे जितना समय मन्नतें माँगने में व्यर्थ करते हैं वही समय वे शान्ति से अपने परेशानियों के उपाय के बारे में सोचें। यह उससे (मन्नतें माँगने से) ज्यादा बेहतर होगा।

"तकदीर के खेल में कभी निराश नहीं होते,
जिन्दगी में कभी उदास नहीं होते।
इन हाथों की लकीरों पर
कभी यकीन मत करना,
क्योंकि तकदीर उनकी भी है
जिनके हाथ नहीं होते।"

❖❖❖

शिक्षक-प्रशिक्षण अनुभाग

संवरना चाहिए अध्यापक शिक्षा का स्वरूप

—अवनीश शुक्ल
विभागाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद से शिक्षा में बदलाव की पृष्ठभूमि तैयार हुई है अब एनसीटीई यानी राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् की यह जिम्मेदारी है कि नई शिक्षा नीति 2020 की अपेक्षाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अध्यापक शिक्षा का पाठ्यक्रम देश के समक्ष प्रस्तुत करें। अध्यापक शिक्षा क्या है? उन्हें किस प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार किया जाता है? भारत में शिक्षा का प्रारम्भ वैदिक काल से माना जाता है और अध्यापक शिक्षा की जड़ें वैदिक काल से ही आकार लेते हुए देख सकते हैं। उस समय समाज में अध्यापक को "गुरु" का सर्वोच्च स्थान दिया जाता था, शिक्षा पूरी तरह से मौखिक थी। एक शिष्य को भावी अध्यापक के रूप में विकसित करने के लिए चयन और तैयारी बहुत गंभीरता के साथ की जाती थी। अध्यापक और शिष्य का सम्बन्ध पिता-पुत्र के समतुल्य माना जाता था। वैदिक काल में अध्यापक शिक्षा की कोई औपचारिक व्यवस्था मौजूद नहीं थी, इसलिए शिष्य आगे चलकर उन्हीं शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग करते थे जो शिक्षकों द्वारा अपनाए जाते थे। शिक्षकों के द्वारा सिखाने के लिए जिन पद्धतियों को अभ्यास में लाया जाता था वह अनुकरणीय थी।

वैदिककाल के बाद बौद्धकालीन शिक्षा प्रणाली और मुगलकालीन/मध्यकालीन शिक्षा व्यवस्था में भी शिष्यों को अध्यापक के रूप में ढालने के लिए कोई औपचारिक शिक्षा की व्यवस्था नहीं की गई थी और अपने गुरुओं का अनुकरण करते हुए विद्यार्थी ही भावी शिक्षक बनते थे।

ब्रिटिशकालीन शिक्षा व्यवस्था में अध्यापकों के शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अनेक उपाय किये गये इसके लिए सन् 1854 के वुड घोषणा-पत्र का उल्लेखनीय योगदान रहा जिसने शिक्षकों को तैयार करने के लिए एक औपचारिक व्यवस्था को जन्म दिया। यहाँ से देश में औपचारिक अध्यापक शिक्षा व्यापक रूप लेने लगी। इससे शिक्षक प्रशिक्षण में व्यापक बदलाव देखने को मिला।

स्वतंत्रता के बाद भारत में विभिन्न शिक्षा आयोगों, समितियों के सुझावों के जरिये अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार किया गया जिसमें डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन कमेटी, मुदालियर आयोग, आचार्यनरेन्द्रदेव कमेटी, कोठारी आयोग, आचार्य राममूर्ति कमेटी सहित कई अन्य आयोग गठित किये गये इसमें सबसे खास योगदान 1964-66 के राष्ट्रीय शिक्षा आयोग का जिसे कोठारी आयोग के नाम से भी जानते हैं रहा है। इसके रिपोर्ट में इस बात पर बल दिया गया कि सेवाकालीन शिक्षा के दौरान व्यापक इन्टर्नशिप कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाय इसके साथ ही अवधि बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बाद में प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 और राष्ट्रीय शिक्षक आयोग (चट्टोपाध्याय,आयोग), 1983-85 ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में चलाये जा रहे अध्यापक शिक्षा के चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम की वकालत की।

अध्यापक शिक्षा के मामले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक मील का पत्थर प्रतीत होगी, क्योंकि वर्तमान अध्यापक शिक्षा में सुधार और शिक्षण को आकार देने के लिए सभी आवश्यक कारकों का समावेश इसमें है। अपने बहुआयामी दृष्टिकोण से अध्यापक शिक्षा को पुनर्जीवित करने को समर्पित है। नई शिक्षा नीति ने

बहुविषयक संस्थानों में 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा लाने पर पर्याप्त जोर दिया है। इसमें जिस बहु-विषयात्मक शिक्षा एवं नए स्कूली ढाँचे की परिकल्पना की गई है उसके लिए प्रभावी और शोध उन्मुखी अध्यापकों की जरूरत है जो अपनी विषय-वस्तु के साथ-साथ शिक्षा-शास्त्र में भी पारंगत हों। यह शिक्षा नीति भ्रष्ट और गैर-जिम्मेदार अध्यापक शिक्षा संस्थानों के उपचार के लिए सख्त कार्यवाही भी करे।

एकीकृत शिक्षक शिक्षा एक ऐसे व्यापक इन्टर्नशिप कार्यक्रम को महत्त्व देती है जो विद्यार्थियों, अध्यापकों को समुदाय की अवधारणाओं से जोड़ सके। विद्यालयों एवं समुदायों में जाकर कार्य करना और समाज उपयोगी एवं राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देना इस नीति का एक अंग होना चाहिए।

शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम मूल्यों पर आधारित है एवं युगों से विद्यमान भारतीय ज्ञान व्यवस्था, व्यावहारिक अनुप्रयोग, तकनीकि और बदलती सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी के लिए अध्यापकों को तैयार करने एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में अपनी भूमिका निभायेगा, क्योंकि शिक्षक न सिर्फ ज्ञान देने वाला व्यक्ति होता है बल्कि उसके कंधों पर राष्ट्र निर्माण की भारी जिम्मेदारी होती है। अत: अध्यापक शिक्षा का पाठ्यक्रम विकसित एवं नवीन होना चाहिए। ❑

भारतीय शिक्षा दर्शन में मोक्ष की अवधारणा

—आँचल गौड़

डी. एल. एड्. प्रथम सेमेस्टर

भारतीय संदर्भ में शिक्षा शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत भाषा के "शिक्ष्" धातु से मानी जाती है। जिसका अर्थ है सीखना और सिखाना अर्थात् शिक्षा सीखने तथा सिखाने की एक प्रक्रिया है। शिक्षा व्यक्ति के भैतिक जीवन की उन्नति के साथ-साथ उसके आध्यात्मिक जीवन में भी उन्नति करती है। चार्वाक दर्शन जीवन के भौतिक महत्त्व पर अधिक बल देता है। जबकि समस्त भारतीय दर्शन शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास करना मानते हैं। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास करके उसे मोक्ष प्रदान करना है।

भारतीय शिक्षा दर्शन में मोक्ष को निर्वाण, अर्हत, अपवर्ग, कैवल्य तथा मुक्ति आदि नामों से भी जाना जाता है। मोक्ष अथवा मुक्ति के दो प्रकार माने जाते हैं।

1. जीवन मुक्ति
2. विदेहमुक्ति।

1. जीवन मुक्ति— जीवन मोक्ष अथवा जीवन मुक्ति उस अवस्था को कहा जाता है, जब व्यक्ति जीवन रहते हुए सारे रागद्वेषादि से मुक्त हो जाता है। ऐसे पुरुषों को जैन ग्रन्थों में "वीतराग" कहा गया है। जीवन मुक्ति प्राप्त करने वाले संत, महात्माओं ने ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् अपना संपूर्ण जीवन लोगों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। इन संत-महात्माओं में महावीर स्वामी, गौतमबुद्ध, ईसामसीह, पैगम्बर मोहम्मद साहब, गुरु नानक देव आदि प्रसिद्ध हैं।

2. विदेह मुक्ति— शरीर सहित मुक्ति को विदेह मुक्ति कहा जाता है। इसमें व्यक्ति सभी कर्म बन्धनों से मुक्त हो जाता है। किसी प्रकार का कार्य शेष नहीं रह जाता है। विदेह मुक्ति में शरीर पंच तत्त्वों में विलीन हो जाती है, तथा आत्मा परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त कर लेती है। आत्मा इस स्थित में अनंत ज्ञान, अनंत शक्ति और आनंद का अनुभव करती है। ❑

प्रकृति एक खुली किताब

—शिवप्रसाद वर्मा
प्रवक्ता– शिक्षण–प्रशिक्षण संकाय

वन में वृक्षों को पास रहने दो, झील झरनों में साँस रहने दो।
वृक्ष होते हैं वस्त्र जंगल के, छीनो मत ये लिबास रहने दो।
वृक्ष पर घोंसला हैं चिड़िया का, तोड़ो मत ये निवास रहने दो।
पेड़–पौधे चिराग हैं वन के, वन में बाकी उजास रहने दो।।

वन विलक्षण विद्या है कुदरत की इस अमानत को खास रहने दो।
ईश्वर ने जब मानव को बनाया तभी उसने वृक्षों को भी बनाया।
जब मानव इस धरती पर आया तब उसने वृक्ष को अपने घर के पास उपजाया।
वह मानव दिन भर करता काम और शाम को उस वृक्ष के नीचे करता विश्राम।।

उस वृक्ष की देख–रेख करता है उसका पूरा परिवार।
बदले में वृक्ष देता हैं उन्हें खुशियों का संसार।
उस परिवार ने बस एक वृक्ष ही तो लगाया।
और उसने वृक्ष से पुष्प, फल, छाया और एक स्वस्थ सुखी परिवार है पाया।।

उस परिवार को कभी नहीं लेनी पड़ती है दवा।
क्योंकि वृक्ष उन्हे देता है, शुद्ध शीतल हवा।
उस मानव ने उस वृक्ष को अपना मित्र बनाया
तो उस मित्र ने भी अपना सम्पूर्ण कर्तव्य निभाया।।

पर आ गई अब मानव की दूसरी पीढ़ी।
जिसने चढ़ना चाही आधुनिकता की सीढ़ी।
तब उसने इस वृक्ष को काटने की जरूरत समझी।
पर बहुत भारी पड़ी उसको ये नासमझी।।

आधुनिकता के दौर ने उसे ऐसा भरमाया।
कि उसने वृक्ष को काट गिराया
चारों ओर चल रही हैं मोटर कार और लगा है कूड़े–करकट का अंबार
अब नहीं है वह स्वस्थ सुखी खुशियों का संसार।।

प्रदूषण ने है अब अपना साम्राज्य बनाया।
जिसका प्रकोप नहीं ढेल परयी मान की काया।
मानव में आधुनिकता का दौर ऐसा आया।
कि उसने अपने भविष्य को ही मिटाया।।

अंततः वह प्रकृति के प्रकोप को नहीं सह पाया।
जब प्रकृति ने अपने प्रति कड़ा रूख अपनाया।
मानव ने उस वृक्ष को काट गिराया
तो प्रकृति ने उसका अस्तित्व ही मिटाया।।
हे मानव! समझो प्रकृति का उपकार
क्योंकि इसी में है तुम्हारा उद्धार।

❑

गणित का महत्त्व

—राजू वर्मा
प्रवक्ता, शिक्षण-प्रशिक्षण संकाय
ब्लॉक ए.

गणित ऐसी विद्याओं का समूह है जो हमारे जीवन को व्यवस्थित और अनुशासित बनाती है। गणित अंकों व गणना का विषय ही नहीं बल्कि समझाने का भी विषय है। जो संख्याओं, मात्राओं, परिमाणों, रूपों और उनके आपसी रिश्तों, गुण, स्वभाव इत्यादि का अध्ययन कराती है। गणित एक अमूर्त या निराकार और निगमनात्मक प्रणाली है।

गणित की कई शाखाएँ हैं अंकगणित, रेखागणित, त्रिकोणमिति, सांख्यिकी, बीजगणित, कलन इत्यादि। गणित में अभ्यस्त व्यक्ति या खोज करने वाले वैज्ञानिक को गणितज्ञ कहते हैं।

बीसवीं शताब्दी के प्रख्यात ब्रिटिश-गणितज्ञ और दार्शनिक वर्ट्रेंड-रसेल के अनुसार "गणित को एक ऐसे विषय के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें हम जानते ही नहीं कि हम क्या कह रहे हैं न ही हमें यह पता होता है कि जो हम कह रहे हैं वह सत्य भी है या नहीं"।

गणित कुछ अमूर्त धारणाओं एवं नियमों का संकलन मात्र ही नहीं है, बल्कि दैनिक-जीवन का मूलाधार है।

महान् गणितज्ञ गाउस ने कहा था कि गणित सभी विज्ञानों की रानी है। गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक महत्त्वपूर्ण उपकरण (टूल) है। भौतिक, रसायनविज्ञान, खगोल विज्ञान आदि गणित के बिना नहीं समझे जा सकते। ऐतिहासिक रूप से देखा जाय तो वास्तव में गणित की अनेक शाखाओं का विकास ही इसलिए किया गया कि प्राकृतिक विज्ञान में इसकी आवश्यकता आ पड़ी है। कुछ हद तक हम सब के सब गणितज्ञ हैं। अपने दैनिक जीवन में रोजाना ही हम गणित का इस्तेमाल करते हैं उस वक्त जब समय जानने के लिए हम घड़ी देखते हैं, अपने खरीदे गए सामान या खरीदारी के बाद बचने वाली रेजगारी का हिसाब जोड़ते हैं या फिर फुटबाल, टेनिस या क्रिकेट खेलते समय बनने वाले स्कोर का लेखा-जोखा रखते हैं।

गणित "परिवर्तन का एक माध्यम है जो हमे दुःख से खुशी की ओर ले जाता है"। इसका उद्देश्य समाज में 4P की स्थापना करना होना चाहिए—

"Prosperity, Plenty, Peace and Progress,"

❑

जीवन की पाठशाला में अनुभव

—ममता सिंह
हिन्दी प्रवक्ता, शिक्षण प्रशिक्षण संकाय
ए. ब्लॉक

जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नहीं,
कठिनाइयों से बढ़कर कोई परीक्षा नहीं,
और समय से बड़ा कोई शिक्षक नहीं।

जीवन की पाठशाला में अनुभव है एक
ऐसा शिक्षक
जो परीक्षा लेने के बाद देता है ज्ञान।

हमें जीवन में कभी गुजरी बातों
को नहीं सोचना चाहिए,
और न ही आने वाले के बारे में।

सोचकर परेशान होना चाहिए,
जो आज है बस उसी पल
में खुश रहना चाहिए।

दूसरों के साथ अपने जीवन की तुलना मत करो।
सूर्य और चन्द्रमा एक साथ कभी चमक नहीं सकते हैं।
वे भी अपने समय के लिए प्रतीक्षा करते हैं।

किसी चीज को समझने के लिए
ज्ञान की आवश्यकता होती है।
उसे महसूस करने के लिए
अनुभव की आवश्यकता होती है।

जीवन कविता है,
अनुभव सब कुछ सिखाता है,
पर इसे अभिव्यक्त करना
किसी-किसी को आता है।

❑

English And You

–Surya Nath Singh
Dept. D.El.Ed.

The writer says to the persons who travel in British Country or in America in front of people those country might be ashmed on this poor-English or may be they unemployed as this job demands. " Correct English". But one thing speaker wants to be clear is that these is nothing like on ideally correct English.

Speaker says that I am member of a committee who decides how to speak. One thing speaker wants to direct here is no to individual Britain pronounce exactly alike even the simplest and comments words like 'Yes' and 'No'. But same people can pronounce them in such a way that it can be distinguish from one says that they all speak-correctly. Besides this they speak presentably and can accepted as a person of good serial-standing.

Writer says me also do not speak it in same-way. If I were to speak to you the same-way as I speak to my wife at home. This recording by thousands of iramophanists would be useless.

As I am speaking in public I have no take care that every word I say is heard by every individual but at home when I am talking only to wife sitting very near to me.

Apply this thing to learn Foreign-Languages and never try to speak them to will. You will be amazed to find how little you need to know. Even among English people to speak to will in affection.

❑

अहं ब्रह्मास्मि से होते हैं आध्यात्मिक विकास

—अरुण कुमार मौर्य
प्रवक्ता, शिक्षण-प्रशिक्षण संकाय

लगभग बारह सौ वर्ष पूर्व धरा पर ज्ञान का प्रकाश पुंज लिये तेजस्वी व्यक्तित्व के धनी जगत्गुरु शंकराचार्य का पदार्पण हुआ, जिन्होंने यह महा उद्घोष किया कि अनन्त शक्तियों का स्रोत मनुष्य के अन्दर निहित है। अर्थात् अहं ब्रह्मास्मि जिसका अर्थ है मैं ही ब्रह्म हूँ, मैं ही संसार का सर्वश्रेष्ठ सम्प्रभु हूँ। यह ध्यातव्य रहे कि अहं ब्रह्मास्मि किसी अहंकार को अभिलक्षित नहीं करता बल्कि यह बताता है कि वह परब्रह्म, परम ईश्वर सच्चिदानन्द ब्रह्मरूप हमारे अन्दर ही विद्यमान है एवं साथ ही उस परब्रह्म एवं उसकी असीम शक्तियों की ऊर्जा का भण्डार हमारे स्वयं के अन्दर विद्यमान है, बस देर है उस परब्रह्म एवं उसकी असीम शक्तियों की ऊर्जा को पहचानने की, जिस क्षण मनुष्य ने अपने अन्दर छुपी इस ऊर्जा को पहचान लिया तो जीवन का कोई भी कार्य कठिन नहीं होगा।

'अहं ब्रह्मास्मि' का मंत्र देने वाले आदि शंकराचार्य ने स्वयं के आकलन पर बल दिया था। उनका मानना था कि दीनता अन्तः जनित नहीं बाह्य प्रभावित है। उन्होंने हर मानव को यह अहसास कराने की कोशिश की, कि अन्दर से सभी एक समान हैं फिर भी सुखी-दुःखी, सबल-निर्बल, अमीर-गरीब का भेद दृष्टिगोचर होता है, जबकि सबके अन्दर एक जैसी शक्ति है। कोई अपनी शक्ति को पहचान लेता है और कोई अपनी शक्ति को पहचानने में विलम्ब करता है। अपनी शक्ति को पहचान कर 'अहं ब्रह्मास्मि' की अनुभूति करने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास तय है।

मैं ब्रह्म हूँ, मैं मुक्त हूँ, मैं अद्वैत रूप हूँ, मैं चिरंतन सत्य हूँ, मेरी आत्मा ब्रह्म है, सब कुछ ब्रह्म है, माया या अविद्या का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। शंकराचार्य की ये मान्यताएँ वर्तमान मानव समाज को इस बात के लिए प्रेरित करती हैं कि आत्मनिर्भर बनो। मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है। अपने अंदर अनंत शक्ति का स्रोत निहित है। नित्य एवं अनित्य में विवेक करो, इहलोक और परलोक की विषय-वासनाओं से दूर रहो, शम, दम, श्रद्धा, समाधान, उपरति और तितीक्षा के द्वारा अपना निर्माण करो।

उपनिषदों में एक वाक्य 'तत्त्वमसि' अत्यन्त प्रसिद्ध है। तत् अर्थात् ब्रह्म एवं त्वम अर्थात् आत्मा है। प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा है। आत्मा के बिना किसी के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। 'सत्यं ज्ञानं अनन्तं ब्रह्म' अर्थात् ब्रह्म सत, ज्ञान और अनन्त रूप है। ब्रह्म सत्य है, असत्य नहीं, ब्रह्म ज्ञान रूप है, अज्ञान नहीं, अनन्त है सीमित नहीं। यह सच्चिदानन्द रूप है। यह सत् है, चित् है और आनंद रूप है। प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में यह क्षमता है कि वह सच्चिदानन्द ब्रह्मरूप को प्राप्त कर सके। जिस आत्मा से ब्रह्मरूप प्राप्त करने का प्रयत्न होता है वह आत्मा ब्रह्मरूप को प्राप्त करता है। किन्तु जो भय या अन्यान्य कारणों से पुरुषार्थ से वंचित रहते हैं, शंकर के अनुसार वे इस जगत् के व्यामोह में पड़े रहते हैं। शंकराचार्य का संदेश यही है कि अपनी शक्ति को पहचान कर अपनी आत्मा को ब्रह्मरूप देने का प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि आत्मा ही ब्रह्म है।

शंकराचार्य माया के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। माया अज्ञानरूप है। प्रकृति रूप है किन्तु सांख्य की प्रकृति की तरह स्वतन्त्र नहीं है। उन्होंने अज्ञानता के स्वतन्त्र अस्तित्व को स्वीकार न करके एक तरह से जनता जनार्दन को ज्ञान की आराधना पर बल दिया था। माया का शाब्दिक अर्थ करते हुए उन्होंने कहा था 'मा' अर्थात् जो नहीं है 'या' अर्थात् उसे उस रूप में प्रतिपादित

कर देना। रस्सी को देखकर सर्प का आभास होना यह माया है, अविद्या है, अज्ञानता है। शंकर के अनुसार माया की दो शक्तियाँ हैं। ब्रह्मसूत्र भाष्य उनकी अमर कृति है, जिसमें वे लिखते हैं कि माया अपने आवरण शक्ति के द्वारा रस्सी के स्वरूप को ढक लेती है और विशेष शक्ति के द्वारा सर्प का आरोपण कर देती है। यह आरोपण है, बदलाव नहीं। रस्सी सर्प का रूप नहीं लेती है, अपितु सर्प का आभास कराती है। शंकर के शब्दों में यह विवर्त है, परिणाम नहीं। ज्ञान से यह अज्ञान रूपी विवर्त का निराकरण हो जाता है।

कपिल मुनि प्रकृति और आत्मा (पुरुष) के रूप में मूलत: दो सत्ता के अस्तित्व को मानते हैं। भगवान् महावीर भी जीव एवं अजीव दो सत्ता को मानते हैं। चार्वाक दर्शन में पृथ्वी, अग्नि, वायु और जल इन चार भौतिक सत्ता के अस्तित्व को स्वीकार किया गया है। गौतम 16 पदार्थ और कणाद सात पदार्थ के अस्तित्व को मानते हैं। शंकराचार्य न बहुतत्त्ववादी हैं और न द्वैतवादी हैं। वह मूलत: अद्वैतवादी हैं। वे एकमात्र 'ब्रह्म' के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। 'सर्वं खल्विदम्' ब्रह्म का उद्घोष करते हैं। इसी को आत्मा का विकास भी मानते है। वे माया को स्वीकार करते हैं। किन्तु स्वतन्त्र शक्ति के रूप में नहीं, अपितु माया ब्रह्म की ही शक्ति है। वे प्रातिभासिक, व्यावहारिक एवं पारमार्थिक सत्ता को मानते हैं। लोक व्यवहार में प्रातिभासिक एवं व्यावहारिक सत्ता है, किन्तु अन्तत: केवल पारमार्थिक सत्ता है। सत्ता से उनका तात्पर्य है जो तीनों कालों में निहित हो अर्थात् चिरन्तन सत्य हो तो एकमात्र ब्रह्म ही चिरन्तन सत्य है। अज्ञानियों को माया के द्वारा विविधरूपों में इसका प्रतिभास होता है।

तथ्य सार

शंकराचार्य के अनुसार "अहं ब्रह्मास्मि" मानव समाज को इस बात के लिए प्रेरित करती है कि आत्मनिर्भर बनो और स्वयं के अन्दर की ऊर्जा को पहचानो।

❑

कम्प्यूटर मानव जीवन का अभिन्न अंग

—विशाल विश्वकर्मा
कार्यालय सहायक
शिक्षण-प्रशिक्षण संकाय, ए. ब्लाक

मानव सभ्यता के विकास में सूचनाओं के आदान-प्रदान का विशेष महत्त्व रहा है। इसके अभाव में विकास संभव नहीं था। आरम्भ में लोगों को कम्प्यूटर की क्षमता पर भरोसा नहीं था, किंतु आज घर से बाहर तक सभी कामों में कम्प्यूटर इस तरह घुसपैठ कर चुका है कि इसके बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। आरम्भिक काल में कम्प्यूटर इतने सक्षम नहीं थे, लेकिन इसके विकास क्रम के दूसरे चरण में जब कम्प्यूटर की आंतरिक संरचना में परिवर्तन आया, तब वह पहले से कहीं अधिक सक्षम और उपयोगी बन गया।

आज कम्प्यूटरों ने कार्यालयों में काम-काज को नया रूप दिया है। फाइलें और रजिस्टर धीरे-धीरे दफ्तरों से विदा होते जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे कामों के लिए जहाँ बहुत अधिक आँकड़े जमा करने पड़ते हैं, जैसे कि रेलवे आरक्षण, विद्यालय, पुस्तकालय, अनुसंधान से संबंधित सारी जानकारी भी तुरंत उपलब्ध करानी होती है, वहाँ कम्प्यूटर सर्वाधिक उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। विज्ञान और तकनीक की अद्भुत खोजों ने मनुष्य के जीवन में एक क्रांति ला दी है। कम्प्यूटर मनुष्य की इन्हीं अद्भुत खोजों में से एक है जिसने मानव जीवन को लगभग सभी क्षेत्रों में प्रभावित किया है।

आज के युग को यदि हम कम्प्यूटर का युग कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। शिक्षा मनोरंजन, चिकित्सा, यातायात, संचार आदि सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटर ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। विद्यालयों में धीरे-धीरे कम्प्यूटर विषय अनिवार्य हो रहा है। छोटे शहरों एवं महानगरों में कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूलों, शिक्षण संस्थानों आदि की बढ़ती संख्या कम्प्यूटर की लोकप्रियता का साक्षात् प्रमाण है।

कम्प्यूटर के माध्यम से पठन-पाठन का स्तर भी अच्छा हुआ है। आजकल अनेक ऐसे विद्यालय खोले जा रहे हैं जहाँ इंटरनेट के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे ज्ञान प्राप्त कर सकता है। प्रबंधन, कानून व रिसर्च में संलग्न विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर एक वरदान सिद्ध हो रहा है। पुस्तकों के प्रकाशन में भी कम्प्यूटरों की अनिवार्य भूमिका हो गई है। कार्यालयों में कम्प्यूटर के माध्यम से कार्य करना अत्यंत सहज एवं सरल हो गया है। अब कार्यालय सम्बन्धी सभी महत्त्वपूर्ण आंकड़ों व तथ्यों को 'फाइल' में सुरक्षित रखा जाता है जिससे समय की काफी बचत होती है। अनेक कार्य जिनमें कई व्यक्तियों की आवश्यकता होती थी अब वही कार्य एक कम्प्यूटर के माध्यम से बहुत कम समय में ही सम्पन्न हो जाता है। यही कारण है कि अब प्रत्येक सरकारी तथा गैर-सरकारी कार्यालयों में कम्प्यूटर का उपयोग अनिवार्य हो गया है। सभी व्यापारिक सूचनाएँ इसमें दर्ज होती हैं जिससे व्यापार करना सरल हो गया है।

कंप्यूटर के द्वारा संचार के क्षेत्र में एक क्रांति-सी आ गई है। 'ई-मेल' के माध्यम से हजारों मील बैठे अपने सम्बन्धी अथवा मित्र से लोग बहुत ही कम खर्च तथा समय से अपने संदेश भेज सकते हैं तथा ग्रहण कर सकते हैं। 'इंटरनेट' के माध्यम से मनुष्य हर प्रकार की जानकारी का आदान-प्रदान विश्व के किसी भी कोने से करने में सक्षम है। वास्तविक रूप में इंटरनेट का विस्तार असीमित है।

अत: इसे हम एक विशिष्ट दुनिया के रूप में देख सकते हैं। यह न केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान को संभव बनाता है अपित व्यक्ति को उसके निजी समय या अवकाश के अनुसार किसी भी नवीनतम जानकारी को हासिल करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है।

यातायात के क्षेत्र में भी कंप्यूटर की विशेष उपयोगिता है। हवाई मार्गों का निर्धारण एवं नियंत्रण, महानगरों की 'रेड लाइट सिग्नल' प्रणाली आदि कम्प्यूटर की ही देन है। इसके अतिरिक्त अंतरिक्ष अनुसंधान, मौसम सम्बन्धी जानकारी, मुद्रण आदि में कंप्यूटर का विशेष योगदान है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आधुनिक युग में कप्यूटर मनुष्य के जीवन के हर क्षेत्र से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। विज्ञान के इस अद्‌भुत उपहार को नकराना संभव नहीं है। यह आज की आवश्यकता है। प्रारम्भ में अवश्य ही यह एक विशिष्ट जनसमूह तक सीमित था परंतु सरकार के सकारात्मक रुख के कारण यह धीरे-धीरे विस्तार ले रहा है।

परिणामस्वरूप यह हजारों मध्यवर्गीय लोगों की आवश्यकता बन गया है। हमारे देश में जहाँ बेरोजगारी व आर्थिक संकट के घने बादल हैं, ऐसे वातावरण में नि:संदेह कंप्यूटर का विस्तार समय लेगा। परन्तु जिस प्रकार इसकी आवश्यकता बढ़ रही है अथवा जिस तीव्रगति से कंप्यूटरीकरण हो रहा है उसे देखते हुए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि बहुत शीघ्र ही यह दूरदर्शन की भाँति सभी घरों में अपनी जगह बना लेगा। ❑

सफलता न मिलने का कारण कार्य-प्रणाली में कहीं न कहीं खामी है, जिसे आत्मावलोकन व आत्मविश्लेषण से काफी हद तक सुधार किया जा सकता है।

शिक्षा का महत्त्व

—सुनीता वर्मा

प्रवक्ता, शिक्षण प्रशिक्षण संकाय

शिक्षा हम सभी के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। हमारे माता-पिता हमें घर पर ही बहुत-सी चीजें सिखाते हैं और फिर 3 साल का होने के बाद स्कूल भेजते हैं। हमारा घर ही हमारा पहला शैक्षणिक संस्थान है, जहाँ हम दूसरों के साथ व्यवहार करना, और अन्य कौशलों को सीखते हैं हालांकि, व्यवहारिक जीवन में सफल होने के लिए स्कूल की शिक्षा बहुत आवश्यक है।

शिक्षा सभी के जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सफलता और सुखी जीवन प्राप्त करने के लिए जिस तरह स्वस्थ शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी तरह ही उचित शिक्षा प्राप्त करना बहुत आवश्यक है। शानदार और बेहतर जीवन जीने के लिए यह बहुत आवश्यक है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करके, शारीरिक और मानसिक शक्ति प्रदान करती है और लोगों के रहने के स्तर को परिवर्तित करती है शिक्षा का वास्तविक अर्थ व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता से कहीं अधिक है। आधुनिक समाज के लोगों ने शिक्षा के अर्थ को संकीर्ण (संकुचित) कर दिया है। इसका उद्देश्य यह नहीं है कि, शिक्षित व्यक्ति व्यावसायिक रूप से पहचाने जायँ। इसके अतिरिक्त इसका उद्देश्य इससे भी कहीं अधिक है। यह रेस में केवल आगे जाने की दौड़ और केवल स्कूल या कालेज के पाठयक्रम को पढ़ना ही नहीं है। शिक्षा का वास्तविक अर्थ शारीरिक, सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व का विकास और उनके कौशल स्तर को सुधारना है। शिक्षा का उद्देश्य बहुत ही विस्तृत है, और जो एक व्यक्ति को अच्छा इंसान बनाता है।

शिक्षा का अच्छा वातावरण प्रदान करने में शिक्षक बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो कुछ भी हम अपने माता-पिता और शिक्षकों से सीखते हैं, हमारे साथ हमारे जीवन भर रहता है, जिसे हम फिर से अगली पीढ़ी में हस्तान्तरित करते हैं। उचित शिक्षा के उद्देश्य और लाभ केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं हैं, इसके अतिरिक्त यह परिवार, समाज और देश के अन्य लोगों के लाभ से भी जुड़ी है। हम अपने जीवन में शिक्षा के महत्त्व को किसी भी कीमत पर नजर-अंदाज नहीं कर सकते। जैसा कि हम समाज में निरंतर देखते हैं कि बहुत से सामाजिक मुद्दे केवल उचित शिक्षा की कमी के कारण पैदा हो रहे हैं। सामाजिक मुद्दे जैसे— असमानता, लिंग असमानता, धार्मिक भेदभाव और भी बहुत-सी समस्याएँ हमारे जीवन में केवल शिक्षा की कमी के कारण हैं। उचित शिक्षा हमारे दैनिक जीवन में वैयक्तिक और सामाजिक मानकों को बनाये रखने में मदद करती है।

शिक्षा एक व्यक्ति के लिए आन्तरिक और बाह्य ताकत प्रदान करने का सबसे महत्त्वपूर्ण यंत्र है। शिक्षा सभी का मौलिक अधिकार है और किसी भी इच्छित बदलाव और मनुष्य के मस्तिष्क व समाज के उत्थान में सक्षम है।

❑

पुस्तकों का संकलन ही आज के युग का वास्तविक विद्यालय है।

—कार्लाइल

नेतृत्व

—अनूप कुमार सिंह
प्रवक्ता, भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट

नेतृत्व एक मूल्यपरक अवधारणा है, जो किसी दी हुई परिस्थिति में निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समूह क्रियाओं को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया है। यह वह योग्यता है जो अपने सहयोगियों को पूर्ण उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ कार्य करने को प्रेरित करता है। यह एक अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध है, जिसमें दूसरे व्यक्ति अपने नेता के आदेशों को मानते हैं। एक अच्छा नेता वही है जो ऐसा समूह तैयार कर सके जो बेहतर परिणाम दे सके। नेता का यह गुण सामाजिक समस्या समाधान का जटिल रूप प्रदर्शित करता है। सामान्य रूप से नेतृत्व व प्रबन्धन को आपस में जुड़ा माना जाता है। लेकिन दोनों में पर्याप्त अन्तर भी होता है। जहाँ प्रबन्धन में कुशलता, नियोजन, कागजी कार्य, प्रणाली नियामक, नियंत्रण एवं संगतता का गुण मौजूद होता है। वहीं नेतृत्व में गत्यात्मकता, जोखिम लेना सृजनात्मकता, परिवर्तन, दूरदर्शिता आदि गुण विद्यमान होते हैं।

जार्ज आर. टैरी के अनुसार— "नेतृत्व एक ऐसी क्रिया है जो व्यक्तियों को इस प्रकार प्रभावित करती है, कि वे अपनी इच्छा से सामूहिक उद्देश्यों के लिए प्रयास कर सकें।"

कुण्ट्ज एण्ड डॉनेल के अनुसार— "Leadership is influencing people to follow in the achievement of common goal".

इस आधार पर यह स्पष्ट होता है कि नेतृत्व का विचार अपने आप में कला तथा विज्ञान दोनों है।

नेतृत्व कला इस रूप में है कि इसमें परिस्थितियों को समझ कर उसके अनुरूप समूह लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सदस्यों के व्यवहारों को प्रभावित करने का कौशल मौजूद होता है तथा विज्ञान इस रूप में है कि 'क्या करना है', 'कब करना है', 'कैसे करना है' आदि का ज्ञान नेतृत्व करने वाले व्यक्ति में रहता है। उसके अन्दर किसी कार्य की नियमबद्धता, क्रमबद्धता, तर्कसंगतता, कारण-परिणाम सम्बन्धों की एकरूपता आदि का गुण मौजूद रहता है।

नेतृत्व की प्रकृति— नेतृत्व की प्रकृति को निम्नलिखित रूप में स्पष्ट किया जा सकता है—

(i) समूह-क्रिया विकसित करना (To develop team work)
(ii) कर्मचारियों का प्रतिनिधि करना (Representative of Sub ordinate)
(iii) उपयुक्त परामर्श देना (To provide appropriate counselling)
(iv) शक्तियों का सही उपयोग करना (To use power properly)
(v) समय का सदुपयोग करना (To use time well)
(vi) प्रभावपूर्णता लाने का प्रयत्न करना (To strive for effectiveness)
(vii) कर्मचारियों को प्रेरित करना (To inspire employees)
(viii) सहयोग विकसित करना (To develop cooperation)
(ix) विश्वास जगाना (To create confidence)
(x) कार्य हेतु उपयुक्त वातावरण प्रदान करना (To provide good working climate)

नेतृत्व की शैली— नेतृत्व शैली, एक नेता की दिशा निर्देश प्रदान करने, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अधीनस्थों को प्रेरित करने की शैली को प्रदर्शित करती है। नेतृत्व शैली कई प्रकार की होती है। कुछ प्रमुख नेतृत्व शैली निम्नवत् है—

(i) एकतंत्रीय नेतृत्व शैली— इस नेतृत्व शैली में सारे निर्णय बिना कर्मचारियों के परामर्श से लिये जाते हैं। नेता में ही शक्तियाँ केन्द्रित होती हैं। इस नेतृत्व शैली में चापलूस कर्मचारियों को पुरस्कार प्राप्त होता है।

(ii) प्रजातान्त्रिक नेतृत्व शैली— प्रजातांत्रिक नेतृत्व शैली खुली हुई द्विमार्गी सम्प्रेषण वाली शैली है। इसमें नेता अपना प्रभुत्व नहीं जमाता है बल्कि अधीनस्थों को हर प्रकार की स्वतंत्रता देता है, परन्तु अनुशासनहीनता उत्पन्न नहीं होने देता है। इसमें सहभागिता एवं सहयोग पर बल दिया जाता है।

(iii) लेसेज फेयर अथवा अहस्तक्षेपी शैली— जहाँ कर्मचारी पूर्ण प्रशिक्षित, उच्च ज्ञान एवं अनुभव वाले होते हैं वहाँ इस प्रकार की नेतृत्व शैली का प्रयोग किया जाता है। इसमें नेता निष्क्रिय निरीक्षक के रूप में कार्य करता है। इसमें कर्मचारी उच्च प्रेरणा वाले और कार्य के प्रति समर्पित होते हैं।

(iv) पितातुल्य नेतृत्व शैली— इस प्रकार की नेतृत्व शैली में नेता अपने अधीनस्थों के साथ पितातुल्य व्यवहार करता है। वह अपने कर्मचारियों की देखभाल करता है। नेता और कर्मचारियों का सम्बन्ध घनिष्ठ होता है। नेता कर्मचारियों को स्वस्थ कार्य दशाएँ प्रदान करता है ताकि संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कमी न रह जाये।

(v) सहभागी नेतृत्व शैली— इस प्रकार नेतृत्व शैली में नेता और कर्मचारियों के सहभाग के आधार पर कार्य करके वांछित परिणाम प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

❑

वसुन्धरा

—सौम्या सिंह
डी. एल. एड्. प्रथम सेमेस्टर

बारिश की रिमझिम बूँद ऐसी,
गिरे वसुन्धरा पर, अमृत जैसी।
देख यह दृश्य, वसुन्धरा का,
हृदय हो जाये, पुलकित जैसे॥
सावन की हरियाली छाई,
मन्द पवन के झोंके जैसी।
मोर पपीहा, कोयल बोले,
घुल जाये मिश्री-सी जैसी॥
बादलों की घटा है छाई,
घनघोर अँधेरी काली रात है जैसी।
पत्तों और कलियों पर,
पड़ी ओस कणों की बूँदें ऐसी
लगे सीप के मोती जैसी॥
देख यह दृश्य वसुन्धरा का
हृदय हो जाये पुलकित जैसे।
चाँद की चमके, चाँदनी ऐसी,
लगे दीये की रोशनी जैसी॥
तारों की झिलमिलाहट है, ऐसी
बहते जल की धारा जैसी।
जीवन है सुख-दुख के साथी,
ये आते और जाते हैं।
अपने जीवन को तुम सींचो,
सुन्दर सुगन्धित फूलों के जैसे॥
देख यह दृश्य, वसुन्धरा का
हृदय हो जाये पुलकित जैसे॥

❖❖❖

नवीन भारत

—हर्षिता सिंह
डी. एल. एड्. प्रथम सेमेस्टर

प्रचण्ड वेग से भरे पवित्र भू के पुत्र हैं,
शान्ति के लिए अनार्य नाश में प्रवृत्त हैं।
शत्रु वंचना को हम भूलते कभी नहीं,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥

अब न हिमगिरि में रक्त हो, आतंक भी असह्य,
काश्मीर जीत ले बने अखण्ड राष्ट्र ये।
सर्वदुष्ट भय करें हम सज्जनों के साथ हैं,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥
जल थल में भी, नभ-रण में भी यशस्विता
को प्राप्त है,
उपग्रहों में संस्थिति विशिष्ट शस्त्र युक्त है।
अनन्त विश्वरक्षणार्थ अन्तरिक्ष भेद दें,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥

नये विकास मार्ग में भी शास्त्रनिष्ठ कर्म है,
गुरुत्व भाव से पढ़ाते भोग-योग धर्म है।
नायकत्व है विदेश नीति में ये गर्व है,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥

वसुन्धरा कुटुम्ब है, ये जानते हैं हम सभी,
किन्तु धर्मरक्षणार्थ शस्त्र-शास्त्र में प्रविष्ट हैं।
इतिहास फिर लिखेंगे हम, है भारतीय गर्जना,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥

कह रहा है मन मेरा है भग्न कुछ तो बेड़ियाँ
उठ रहा है ये युवा जो राष्ट्र भाव से भरा!
निज भाषा संस्कार का जिसके हृदय में मान है,
देख ले पुनः जगत् ये है नवीन भारत॥

❑❑

कविता

—सरिता वर्मा
डी. एल. एड्. प्रथम सेमेस्टर

गुरु के बिना ज्ञान नहीं,
ज्ञान के बिना कोई महान् नहीं,
भटक जाता जब इंसान,
तब गुरु ही देता है ज्ञान.....।
ईश्वर के बाद अगर कोई है,
तो वो गुरु है.....।
दुनिया से वाकिफ जो कराता है,
वो गुरु है.....।
हमें जो अच्छा इंसान बनाता है,
वो गुरु है.....।
हमारी कमियों को जो बताता है,
वो गुरु है.....।
हमें इंसानियत जो सिखाता है,
वो गुरु है.....।
हमारे अन्दर एक विश्वास जगाता है,
वो गुरु है.....।

❖❖❖

पुस्तक के अनोखे रंग

—रूबी यादव
बी. एड्. प्रथम वर्ष

मेरी पुस्तक रंग-बिरंगी,
कहे कहानी सतरंगी।
कहती बातें नयी-पुरानी,
जैसे बोले दादी-नानी॥
परी लोक की सैर कराती,
कभी-कभी वो हमें डराती।
कभी हँसाती कभी रुलाती,
दुनिया की हर बात बताती॥

❖❖❖

जिन्दगी एक गणित की पुस्तक की तरह है

—कीर्ति सिंह
डी. एल. एड्. तृतीय सेमेस्टर

जिन्दगी एक गणित की पुस्तक की तरह है
जिसमें सवालों पर सवाल है,
प्रश्नावलियों पर प्रश्नावली।

मैं जिन्दगी का यही गणित हल करती रही
जब जोड़ने लगी तो लगा कि,
मेरे पास बहुत कुछ हो गया है।

जब घटाने लगी तो लगा कि
सारे का सारा खो गया है।

मैंने जब गुणा किया तो अंकों के ढेर लगने लगे
और जब मैंने भाग किया तो,
माथे पर हाथ फेरने लगी।

दर असल मैंने जिंदगी को लघुत्तम की तरह लगाया
और महत्तम की तरह दर्शाया।
इसी तरह जिन्दगी के सारे गुणनखण्ड,
एक दूसरे से कट गये।
और हुआ यह कि,
उत्तरमाला के सारे पन्ने फट गये।।

❖❖

इंसान

—सीतम वर्मा
डी. एल. एड्. तृतीय सेमेस्टर

इंसान क्या जिसमें कि स्वाभिमान नहीं है,
वो गीत क्या जिसमें कि कोई ताल नहीं है।
मन्दिर की मूर्तियों से दुआ माँगने वालों
माँ-बाप से बढ़कर कोई भगवान नहीं है।।

दासता से बड़ी जंजीर नहीं होती है,
जिगर से बढ़ के कोई पीर नहीं होती है।
कोई भगवान हो रहमान या सुल्तान,
माँ से बढ़कर कोई तस्वीर नहीं होती।।

तमन्ना जब किसी की नाकाम हो जाती है,
जिन्दगी एक शाम हो जाती है,
दिल के साथ दौलत का होना जरूरी है यारों,
वरना गरीब की तो मोहब्बत भी नीलाम हो जाती है।

खूबसूरत-सा एक पल किस्सा बन जाता है,
जाने कब कौन जिन्दगी का हिस्सा बन जाता है
कुछ लोग जिन्दगी में मिलते हैं ऐसे
जिनसे कभी न टूटने वाला रिश्ता बन जाता है।।

❖❖

❖❖❖

महिला सशक्तिकरण

–पूनम वर्मा
बी. एड्. प्रथम वर्ष

भारत एक प्रसिद्ध देश है जो प्राचीन समय से ही अपनी सभ्यता, संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, परम्परा, धर्म और भौगोलिक विशेषताओं के लिए जाना जाता है, जबकि दूसरी ओर ये अपने पुरुषवादी राष्ट्र के रूप में भी जाना जाता है। भारत में महिलाओं को पहली प्राथमिकता दी जाती है, हालांकि समाज और परिवार में उनके साथ बुरा व्यवहार भी किया जाता है। उन्हें अपने अधिकारों और विकास में बिल्कुल अनभिज्ञ रखा जाता है। भारत के लोग इस देश को माँ का दर्जा देते हैं, लेकिन माँ के असली अर्थ को कोई नहीं समझता। ये हम सभी भारतीयों की माँ है और हमें इसकी रक्षा और ध्यान रखना चाहिए और इन्हें समाज और परिवार के सभी बंधनों से मुक्त होकर अपने फैसले लेने का अधिकार होना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले उनके अधिकारों और मान को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है जैसे– दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या तथा स्त्रियों के प्रति घरेलू हिंसा और बलात्कार, वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी और ऐसे बहुत से विषय हैं जिन पर सुधार करने की जरूरत है।

हमारे समाज में दहेज प्रथा सबसे बड़ी बुराई है। पढ़े-लिखे लोग भी इसमें शामिल हैं जितने पढ़े-लिखे लोग होंगे उतनी ही ज्यादा दहेज की माँग होती है जिस वजह से बहुत-सी लड़कियाँ बिना शादी के जीवनयापन करती हैं तथा कुछ मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या कर लेती हैं।

पण्डित जवाहरलाल नेहरू द्वारा कहा गया एक मशहूर वाक्य, "लोगों को जगाने के लिए महिलाओं को जाग्रत होना जरूरी है, एक बार जब वे अपना कदम उठा लेती हैं परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है।

❑

Stopping by Woods on a Snowy Evening

–Sabreen Bano
B. Ed. Ist Year

Whose woods these are I think I know,
His house is in the village though,
He will not see me stopping here
To watch his woods fill up with snow.

My little horse must think it queer
To stop without a farmhouse near
Between the woods and frozen lake
The darkest evening of the year.

He gives his harness bells a shake
To ask if there is some mistake.
The only other sound's the sweep
Of easy wind and dowry flake.

The woods are lovely, dark and deep,
But I have promises to keep,
And miles to go before I sleep,
And miles to go before I sleep.

❑❑

Motive for Education

–Shaba Naaz
B.Ed. Ist Year

- Education is our Passport to the future, "for tomorrow belongs to the people who prepare for it Today".
- "Failure is the opportunity to begin again more intelligently".
- "A Little progress each day adds up to big results".
- "Your future is created by what you do today not tomorrow".
- "Teachers open the door, but you must enter by yourself".
- "The beautiful thing about learning is that no one can take it away from you".
- Success is the sun of small efforts, repeated day in and day out.
- Learning is never done without errors and defeat.
- If you are not willing to learn, no one can help you, if you are determined to learn no one can stop you.

Remember

"You are capable.
You are strong.
You are amazing.
You are Important.
You are special.
You are perfect".

❑❑

YOU CAN

–Amina Siddique
B.Ed. Ist Year

If you think you're beaten, you are.....
If you think you dare not, you don't
If you like to win.... but think you can't
It's almost a cinch, YOU WON'T !!

If you think you'll lase, you're lost.....
For out in the world you'll find.....
Success begins with a fellow's will.....
It's all in a state of mind.

If you think you're outclassed, you are...
You've got to think high to rise.....
You've got to be sure of yourself before....
Your can ever win the prize.

Life 's battles don't always go.....
To the stronger or faster man.....
But sooner or later the one who wins....
IS THE ONE WHO THINKS HE CAN !!

❑

Ranikhet Desease

—Dr. Sujeet Kumar Yadav
Assistant Professor
Dept. of Agriculture (BEI)

Newcastle disease also know as Ranikhet is caused by Newcastle Disease Virus (NDV) which belongs to the genus Paramixovirus and family Paramixoviridae. The disease was the first time reported by doyle in 1927. In India, the disease was reported by Edwards in 1928 from Ranikhet, Kumaon hills (Uttarakhand).

Newcastle Disease (ND) is a contagious bird disease which affects many domestic and wild avian species. It is transmissible to human.

Cause— Newcastle Disease is caused by Avian Paramixovirus.

Incubation Period : 2 to 15 days

Symptoms— The Newcastle Disease Virus (NDV) affects the respiratory, nervous and digestive systems. Symptoms vary depending on the strain of the virus, species of bird, concurrent disease and pre-existing immunity. The infected birds show the following symptoms.

Respiratory— Sneezing, nasal discharge and coughing.

Digestive— Greenish watery diarrhoea, depression, nervousness, droping wings, muscular tremor, circling, twisting of head and neck, paralysis, thin shelled eggs, drop in egg production, swelling of the tissues around the eyes and neck and sudden death.

Diagnosis—

1. Symptomatic. The disease can be identified by observing its signs.
2. Postmortem Examination - Postmortem examination reveals charecteristics lesions.
3. Virus Isolation and Identification by Haemaglutination Inhibition (HI) test.
4. Detection of viral Antigens.
5. ELISA Test.

Treatment— Treatment is not successful.

Prevention—

1. Proper Hygiene and Proper Management.
2. Vaccination.

The most successful method of preventing the birds from this disease is vaccination Two types, live and inactivated vaccines are available for vaccination against the disease.

❑

डूबने से डरने वाले लोग तैरना नहीं सीख सकते। — ***सरदार पटेल***

जो इस मिथ्या जगत् में जनसेवा के द्वारा जीवन को सार्थक बना लेता है उसके लिए मृत्यु नहीं। — ***सरदार पटेल***

Nutritional Value and Health Benefits of Banana

–Dr. Vinod Kumar Verma
Assistant Professor (Horticulture)
Department of Agriculture

Nutritional Value of Banana

One normal size banana nutritional value
Protein - 1.29gm
Calories -105
Fibre - 3.1gm

Minerals in banana

Potassium – 422 mg
Phosphorus – 26 mg
Magnesium – 32 mg
Calcium – 6 mg
Sodium – 1 mg
Iron – 0.31 mg
Selenium 1.2 mcg
Manganese – 0.319 mg
Copper – 0.092 mg
Zinc – 0.18 mg

Vitamins in banana

Vitamin A – 76 IU
Vitamin B1 (thiamine) – 0.037 mg
Vitamin B2 (riboflavin) – 0.086 mg
Niacin – 0.785 mg
Foliate – 24 mcg
Pantothenic Acid – 0.394 mg
Vitamin B6 – 0.433 mg
Vitamin C – 10.3 mg
Vitamin E – 0.12 mg
Vitamin K – 0.6 mcg

Health Benefits of Eating Bananas

Banana fruit has numerous health benefits. It's a rich supply of potassium. The simple banana is also a natural supply of iron. Banana is really a nutritious food helping in weight loss, constipation, blood pressure level, brain power, anaemia. As well as the cardiovascular benefits, the potassium present in bananas also may help to promote bone health.

Bananas contains three natural sugars – sucrose, fructose and glucose. These natural sugars coupled with fiber inside a banana gives an immediate, sustained and substantial boost of one's. Research has proven that simply two bananas provide enough energy for any strenuous 90-minute workout. No surprise the banana may be the number one fruit using the world's leading athletes. But energy isn't only way a banana might help us exercise. It can also help overcome or prevent a considerable number of illnesses and scenarios, making it essential to add to our diet.

Depression – Based on a recent survey amongst people struggling with depression, many felt far better after eating a banana. The reason being bananas

HEALTH BENEFITS OF BANANAS



contain tryptophan, a kind of protein the body converts into serotonin, recognized to make you relax, enhance your mood and usually make you feel happier.

Seasonal Affective Disorder (SAD) – Bananas might help SAD sufferers simply because they contain the natural mood enhancer tryptophan.

Smoking – Bananas will also help people attempting to give up smoking. The B6, B12 they contain along with the potassium and magnesium present in them, assist the body recover from the results of nicotine withdrawal.

Stress – Potassium is a crucial mineral, which will help normalize the heartbeat, sends oxygen towards the brain and regulates your own body's water balance. If we are stressed, our metabolism rises, thereby reducing our potassium levels. It may be balanced by using a high-potassium banana snack.

Strokes – Based on research in "The Colonial Journal of drugs,"eating bananas included in a regular diet can reduce the risk of death by strokes up to 40%.

Warts – Those interested in natural alternatives swear when you want to get rid of a wart, have a piece of banana skin and put it around the wart, with the yellow side out. Carefully contain the skin in position with a plaster or surgical tape.

So, a banana is indeed a natural fix for many ills. When comparing it for an apple, it's four times the protein, twice the carbohydrate, 3 times the phosphorus, 5 times the vitamin a and iron, and twice another vitamins and minerals. It's also rich in potassium and it is one of the best value foods around.

❑

योग एक समग्र स्वास्थ्य

—शैलेश मिश्रा
B.P.E.S.

योग एक समग्र विज्ञान है जो किसी के मन और शरीर के बुनियादी और जटिल सिद्धांतों और जीवन के चरणों की परस्पर संबद्धता को दर्शाता है।

आम धारणा के विपरीत, यह केवल आंदोलनों का एक समूह मात्र नहीं है। योग का सही अर्थ शारीरिक व्यायाम से परे है, यह अपने शरीर को अपनी विचार प्रक्रिया से जोड़ना है।

जब हम समग्र विकास के बारे में बात करते हैं, तो इसके एक नहीं बल्कि विभिन्न पहलू होते हैं, शारीरिक, सामाजिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक। किसी के समग्र विकास के सभी आयामों में निरंतर प्रगति करने के लिए, व्यक्ति को एक जीवन शैली पसंद करने की आवश्यकता होती है।

उपरोक्त आयामों का असंतुलन या अपर्याप्तता ही जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों और कमियों के पूरे स्पेक्ट्रम की ओर ले जाती है। समग्र कल्याण महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक कल्याण के बीच के चक्र को बंद करता है। इससे न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को संबोधित किया जा रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी ऊपर उठाया जा रहा है जहाँ से यह खड़ा है, इस तथ्य को दोहराते हुए कि एक दूसरे के बिना मौजूद नहीं हो सकता।

अपनी जीवनशैली में योग को शामिल करने से मूल रूप से आप अपने स्वास्थ्य के 360 डिग्री के परिप्रेक्ष्य को इस तरह से अनलॉक कर सकते हैं, जहाँ यह कल्याण के सभी आयामों को कवर करता है। मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक और जिस तरह से आप ठीक कर सकते हैं आपकी समग्र बेहतरी यात्रा के माध्यम से इन क्षेत्रों के बीच सम्बन्ध।

यह किसी के लिए अपनी जीवन-शैली में योग जैसे समग्र कल्याण प्रथाओं को शामिल करने के लिए आसन्न बनाता है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि कोई फर्क नहीं पड़ता कि तनाव कितना भी हो या वास्तविक दुनिया की कोई भी समस्या क्यों न हो, वे हमेशा अपने साथ जाँच कर सकते हैं। उनके मन और शरीर को जोड़ने और दैनिक ऊधम की भावना को रिचार्ज करने के लिए समय बंद करें।

समग्र स्वास्थ्य तब पूर्ण होता है जब सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है। योग एक एकल अभ्यास है जो स्वयं के सभी पहलुओं को प्रभावित करता है। स्वयं की सूक्ष्म परतों में संतुलन और संवेदनशीलता का भाव लाना।

आज हम देखते हैं कि जीवनशैली से जुड़ी अधिकांश बीमारियों की जड़ें इन सूक्ष्म परतों में हैं। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण है कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए इन सभी स्तरों पर ध्यान दिया जाए। कुछ तरीके के योग आपको सम्पूर्ण समग्र कल्याण की ओर ले जाते हैं।

योग आपकी सांस लेने, गहरी और आरामदेह सांस लेने पर ध्यान केंद्रित करता है, जो आपको कई उच्च जोखिम वाली श्वसन बीमारियों से मुक्त करता है, और आपको एक समय में एक समग्र स्वास्थ्य की यात्रा पर ले जाता है।

लगातार अभ्यास मस्तिष्क के उस हिस्से के आकार को बढ़ा सकता है जो स्मृति को नियंत्रित करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। उस तक सीमित न होकर, यह मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सम्बन्धों को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है, फिर से आपको बहुत सारी शुरुआती बीमारियों से बचा सकता है।

नियमित योगाभ्यास से योनि स्वर मजबूत होता है जो हमारे शरीर में आराम और पाचन क्षमता को नियंत्रित करता है। यह पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम को उत्तेजित करता है, जो आराम के लिए भी जिम्मेदार होता है और तनाव के स्तर को कम करता है और आपको बेहतर नींद में भी मदद करता है।

योग हमारे शरीर के खुशी से सम्बन्धित संभवत: सबसे आवश्यक हार्मोन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन के उत्पादन को बढ़ाता है।

योगाभ्यास अतिरंजित तनाव प्रतिक्रियाओं के प्रभाव को कम कर सकते हैं और चिंता और अवसाद दोनों के लिए सहायक हो सकते हैं। यह कोर्टिसोल के स्तर और हृदय गति को कम करने, रक्तचाप को कम करने और श्वसन को आसान बनाने जैसे शारीरिक उत्तेजना को कम करके तनाव प्रतिक्रिया प्रणाली को नियंत्रित करता है।

ऊपर बताई गई इन सभी बातों का, यदि समय और प्रयास की अवधि में अभ्यास किया जाता है, तो एक व्यक्ति हमेशा बदलता रहता है, जो न केवल एक कक्षा में योग का अभ्यास करते समय, बल्कि अपने जीवन के हर एक पड़ाव में एक तनावमुक्त और नियंत्रित व्यक्तित्व का अनुभव करता है। खुद को एक समग्र स्वस्थ प्राणी के रूप में आकार देना।

❑

A Review on the Performance of the Phase Change Material on the Solar Energy Collector Devices

—Jyoti Rani

Energy is the basic need for all developing countries and India is also a developing country. Energy is central to performing the interrelated economic, social aim of human development. Solar energy is a rapid growing technology and have gained a lot of attention because it is renewable source of energy and is available in abundance in India. Due to over exploitation of fossil fuel soon there will be its scarcity. This will not only save the fuel but also reduce the pollution. So, it is very important to switch towards renewable source of energy. Phase change material is the material that is utilized to store the solar energy for long time and that can be used at night or during rainy and cloudy days. This paper discussed the performance of the phase change material if used in solar water heater/solar air heater. The phase change material is used in the thermal energy storage device the performance of the storage is increased and the energy is also increased. The limitation of the solar energy collector devices is changing after used phase change material (PCM). Analyzed that if PCM is used the supply temperature is not suddenly down it slowly gets down and supply hot water for a long time. In general, solar energy collector devices or solar water heater gives hot water up to 4 PM but after using PCM the efficiency of the solar water heater is increased, time of collect hot water is increased and we can get hot water even after sunset.

❑

बेटियों को अभिशाप समझने वालों के लिए आईना

—Pati Ram

प्रवक्ता, कृषि प्रसार

वो अपने कैमरे से जिन्दगी के सीन लेता है,
वो अपने चाहने वालों के दुखड़े बीन लेता है,
कभी भूले से बेटी गर्भ में तुम मार मत देना,
वो बेटी मारने वालों से बेटा छीन लेता है।

स्वार्थी समाज के लिए चेतावनी

हमारे हाथ में जो फूल है पत्थर ना बन जाए,
मोहल्ले में किसी विधवा का दामन तर न हो जाए,
दरख्तों को अगर काटो इजाजत लो परिन्दों से,
कि अपना घर बनाने में कोई बेघर ना हो जाए।

हिन्दुस्तान का पता

कहीं गीता महकती है कहीं कुरान जिंदा है,
भले ही चीथड़े तन पर मगर ईमान जिन्दा है
अमीरों की तो नजरों में ये लन्दन और पेरिस है
किसानों और मजदूरों में हिन्दुस्तान जिन्दा है

सभ्य समाज का सच

गरीबी बेबसी दो सौ रुपये में दाल लेती है,
मुसीबत जैसी भी हो खुद को वैसा ढाल लेती है
गरीब इन्सान सर पर बाप को माँ को बिठाता है,
अमीरी प्यार करती है तो कुत्ते पाल लेती है।

घाटी के दिल की धड़कन

काश्मीर जो खुद सूरज के बेटे की राजधानी था..
डमरू वाले शिव शंकर की जो घाटी कल्याणी था,
काश्मीर जो इस धरती का स्वर्ग बताया जाता था,
जिस मिट्टी को दुनिया भर में अर्घ्य चढ़ाया था,
काश्मीर जो भारतमाता की आँखों का तारा था,
काश्मीर जो लालबहादुर को प्राणों से प्यारा था,
काश्मीर वो डूब गया है अंधी- गहराई खाई में,
फूलों की खुशबू रोती है मरघट की तन्हाई में,
ये अग्नीगंधा मौसम की बेला है
गंधों के घर बन्दूकों का मेला है,
मैं भारत की जनता का सम्बोधन हूँ,
आँसू के अधिकारों का उद्बोधन हूँ,
मै अभिधा की परम्परा का चारण हूँ,
आजादी की पीड़ा का उच्चारण हूँ,
इसीलिए दरबारों का दर्पण दिखलाने निकला हूँ,
मैं घायल घाटी के दिल की धड़कन गाने निकला हूँ।

❑

किताबें

—निधि सिंह

B. Lib

किताबें झाँकती हैं बंद आलमारी के शीशों से
बड़ी हसरत से ताकती हैं
महीनों अब मुलाकातें नहीं होतीं
जो शामें उनकी सोहबत में कटा करती थीं
अब अक्सर गुजर जाती हैं कम्प्यूटर के पर्दों पर
बड़ी बेचैन रहती हैं किताबें

लेकिन किताब के पीले पन्ने पलटने का सुख,
बिस्तर पर लेटकर, पढ़ते हुए नाक में आती खुशबू,
और पढ़ते-पढ़ते सो जाना, चश्मा लगाकर ही।
पिताजी किसी समय रात को दोनों टेबल पर रख देते।
कहाँ वो सुख पीडीएफ में, कहाँ वो मजा किन्डल में।

❑❑

पुस्तकालय स्वचालन

—सोनी सिंह
M. Lib (B.E.I.)

पुस्तकालय स्वचालन का तात्पर्य है कि पुस्तकालय की प्रक्रियाओं में कम्प्यूटर का उपयोग करना, अर्थात यंत्रों के माध्यम से पुस्तकालय प्रक्रियाओं को सरलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से पूरा कर समय और मानवीय श्रम की बचत करना। स्वचालन शब्द अंग्रेजी भाषा के आटोमेशन (Automation) का हिन्दी रूपान्तरण है, जिसकी उत्पत्ति ग्रीक भाषा के आटोमोस (Automose) से हुई है। जिसका अर्थ है, सहज गति या स्वचालन की क्षमता होना। आटोमेशन शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1936 ई. में जनरल मोटर कम्पनी USA में कार्यरत श्री डी. एस. हार्डर महोदय ने उत्पादन प्रक्रियाओं के बीच पुर्जों की आटोमेटिक संभाल हेतु किया था।

1956 ई. में गुडमैन ने इस तकनीक को मशीनीकरण द्वारा स्वनियंत्रित और स्वचालित प्रक्रियाओं की तकनीक कहा था। वर्तमान समय में अधिकांश कार्यों को कम्प्यूटर की मदद से किया जाता है। इसलिए कम्प्यूटर को ही स्वचालन का पर्याय माना जाने लगा है। इस प्रकार पुस्तकालय के कार्यों कम्प्यूटरीकरण कर उपयोक्ताओं को प्रभावपूर्ण सेवा प्रदान करना ही पुस्तकालय स्वचालन है। पुस्तकालय स्वचालन द्वारा पुस्तकालय के विभिन्न दैनन्दिन (दैनिक) कार्य और सेवाओं को स्वचालित किया जाता है।

पुस्तकालय स्वचालन की आवश्यकता— जब काम अधिक हो जाता है तो उसे पूरा करने के लिए सहायकों की आवश्यकता पड़ती है। मशीनी उपकरणों के माध्यम से बार-बार दोहराये जाने वाले कामों को शीघ्र और कम समय में पूरा किया जा सकता है। चूँकि पुस्तकालय एक बड़ी संस्था है और यहाँ उपयोक्ताओं की विविध माँगें होती हैं। इसलिए सभी माँगों को पूरा करने के लिए यांत्रिक आवश्यकता को निम्नलिखित बिंदुओं से स्पष्ट किया जा सकता है—

1. सूचना विस्फोट— मनुष्य की बढ़ती हुई जनसंख्या और घटते हुए प्राकृतिक स्त्रोतों के कारण सम्पूर्ण समाज का एकमात्र लक्ष्य अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना हो गया है। विश्व के अनेक भागों में वैज्ञानिक शोध लगातार हो रहे हैं। सूचनाओं का प्रवाह बढ़ रहा है। यह स्थिति सूचना विस्फोट की हो गयी है। पुस्तकालय स्वचालन से असीमित सूचनाओं को व्यवस्थित किया जा सकता है।

2. उपयोक्ताओं में वृद्धि— आज के दौर में उपयोक्ता सूक्ष्म, तथ्यपरक, विश्वसनीय सूचनाओं की माँग कर रहे हैं। उनकी संख्या में वृद्धि के साथ-साथ उनकी माँगों में भी विविधता आ गई है।

3. स्थान की कमी— अत्यधिक मात्रा में साहित्य के प्रकाशन से समस्त प्रकाशित सामग्री का अधिग्रहण और व्यवस्थापन असंभव हो गया है। अत: पुस्तकालय स्वचालन से प्रकाशित सामग्री के बिब्लियोग्राफिक अभिलेखों को कम्प्यूटर पठनीय स्वरूप में रखा जा सकता है।

4. वित्त की समस्या— किसी भी कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए वित्त एक प्राथमिक आवश्यकता है। पुस्तकालय एक परोपकारी और खर्चीली संस्था है, अत: सीमित वित्त में उत्तम सेवाओं के संचालन के लिए पुस्तकालय स्वचालन की आवश्यकता है।

5. उपयोक्ताओं को वैयक्तिक सेवा— पुस्तकालय को पुस्तक, पाठक और पुस्तकालय कर्मियों का त्रिकोण कहा गया है। पुस्तकालय स्वचालन से पुस्तकालय कर्मी शीघ्रता से पाठकों की सूचना आवश्यकताओं को समझ सकते हैं।

6. त्वरित सूचना सेवा— ज्ञान की निरन्तर वृद्धि, नवीन विषयों के निर्माण, शोध कार्यों में वृद्धि आदि के कारण उपयोक्ताओं की सूचना संतुष्टि असंभव हो गयी है। पुस्तकालय स्वचालन से वांछित सूचना को शीघ्रता से उपलब्ध कराया जा सकता है।

7. स्मार्ट पुस्तकालय सेवाओं हेतु— विशिष्ट, वास्तविक और प्रासंगिक उद्देश्यों को समय-सीमा में पूरा करने का आकलन करना जिसके लिए पुस्तकालय स्वचालन आवश्यक है।

❑

बंधन से उड़ जाना होगा

—साक्षी कुमारी पाल
B.Sc. Ag. V Sem.

बदले बरसों बीत गये
एक से रहते कुछ ऊब गये
स्वाद एक ही मौसम का
चखते-चखते रस सूख गये।
कुछ नया खोज कर जीवन में,
नव अनुभव उकसाना होगा।
बंधन से उड़ जाना होगा।

प्रभु नाम की जग में धूम हुई
लीला कान्हा की खूब हुई
सुनते-पढ़ते सज नट करते
सारी गाथाएँ झूम उठीं।
अब छोड़ कथाएँ कहना कुछ,
जीवन में अपनाना होगा।
बंधन से उड़ जाना होगा।

सजदे, नमाज और होम हुए,
गिरजा गुरुद्वारे रोज किये,
अपने-अपने प्रभु के हेतु,
दंगे और बहसें खूब धर्मों की
सीखों पर उड़ जाना होगा।
बंधन से उड़ जाना होगा।

रोटी, मकान, कपड़े, दुकान
माया के ये झंझट तमाम
चिपके हैं जोंकों से मन पर
जकड़े मति, जीवन, आँख, कान
अपने बटोर कण-कण इनसे
रिश्तों पर बरसाना होगा।
बंधन से उड़ जाना होगा।

रुकते-चलते, कहते-सुनते
जीते आये हँसते-रोते,
सबकी है एक कहानी-सी,
कहते ज्यों-त्यों बस डर भरते।
डग भरने से पहले कुछ रुक
रस्तों को पढ़ जाना होगा।
बंधन से उड़ जाना होगा।

❖❖❖

महिला शिक्षा

महिमा चौधरी

"समाज के विकास में महिला शिक्षा को बढ़ावा देना समाज विकास का मुख्य कदम होना चाहिए।"

यदि महिलाएँ शिक्षित होंगी तो मासिक आय में वृद्धि, गरीबी दर में कमी, लैंगिक असमानता में कमी, औद्योगिक नवाचार में वृद्धि आदि से समाज के विकास में बढ़ावा मिलेगा।

"यह कहना गलत नहीं कि यदि एक महिला शिक्षित होगी तो दो परिवार में शिक्षा का ज्ञान बढ़ेगा।"

❑

❑

जैविक खेती

—प्रज्वल सिंह
B.Sc. Ag. IV Sem.

हम सभी जानते हैं कि भारत एक बहुत विशाल देश है और यहाँ पर लगभग 60 से 70 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका निर्वहन के लिए कृषि कार्यों पर निर्भर है।

हालाँकि आज से कुछ दशक पहले की जाने वाली खेती और वर्तमान में की जाने वाली खेती में काफी अन्तर है। आज से कुछ साल पहले खेती के दौरान किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों का प्रयोग नहीं किया जाता था। परन्तु भारत और दुनिया की बढ़ती आबादी और बढ़ रहे अनाज की माँग की वजह से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करना प्रारम्भ किया जिसके कारण आज हर व्यक्ति किसी-न-किसी प्रकार की बीमारी का शिकार है। 1960 से पूर्व भारत में बस जैविक खेती का ही प्रयोग किया जाता था।

आर्गेनिक खेती फसल उत्पादन की एक प्राचीन पद्धति है। इसमें फसलों के उत्पादन के लिए गोबर की खाद, कम्पोस्ट, जीवाणु खाद, फसलों के अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खनिज पदार्थों के माध्यम से पौधों को पोषक तत्त्व दिये जाते हैं। इसका न कोई दुष्प्रभाव फसल पर पड़ता है और न ही मनुष्यों पर। साथ ही साथ मृदा के सारे पोषक तत्त्व भी सुरक्षित रहते हैं और उनमें पाये जाने वाले जीवाणु भी आर्गेनिक खेती में किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों एवं कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करते हैं। रासायनिक पदार्थों की वजह से फसलों का उत्पादन तो बहुत ही अच्छा होता है परन्तु ये हमारे शरीर पर बहुत ही जानलेवा प्रभाव डालते हैं। बढ़ती हुई तमाम बीमारियों की वजह से लोग जैविक खेती की तरफ बढ़ते जा रहे हैं।

आर्गेनिक फार्मिंग के रकबे के हिसाब से भारत का दुनिया में नौवाँ स्थान है। कोरोना काल से देश और दुनिया में आर्गेनिक उत्पादों की माँग बढ़ रही है।

सिक्किम देश का पहला राज्य है जिसने पूरी तरह आर्गेनिक फार्मिंग को अपनाया है। आर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2015 में दो कार्यक्रम मिशन वैल्यू इन डेवलपमेंट फॉर नार्थ ईस्ट रीजन (MOVCD) और परम्परागत कृषि विकास योजना शुरू की थी।

जैविक खेती के लाभ— भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती है और साथ ही वाष्पीकरण कम होता है जिसमें मिट्टी उपजाऊ होती है।

कचरे के उपयोग की वजह से हमारा वातावरण शुद्ध होता है और तमाम बीमारियाँ भी कम होती हैं। ❑

मजदूरों की व्यथा

—साक्षी कुमारी पाल
B.Sc. Ag. V Sem.

सम्पदा अवसर की जहाँ पर
विपुल भण्डार है
राजनीति के कण्टक में फँसकर
वहाँ आज मजदूर बेहाल है।

जिनके होने से शहर-शहर आबाद है
जिनके भुजबल से विकास का आधार है
जिनके हथेलियों में सृजन का बीज है
जकड़ी हुई पैरों में गरीबी की जंजीर है
हर काल में शोषित ही इनका हाल है
हा हा! वक्त की मार से
आज मजदूर फिर बेहाल है।

दिन रात डटकर जिसने सदा
चुपचाप से मेहनत किया है
देश की उन्नति में क्या
इन्होंने नहीं श्रम किया है?
विदेशों में भेजने को तेरे पास
हवाई जहाज था
क्या किया था हमने जो
हम पर ना तेरा ध्यान था
"आत्मनिर्भरता" के सुनहरे स्वप्न पर
मजदूरों का आज भी वही हाल है
हा हा वक्त की मार से
मजदूर फिर बेहाल है।

❑

भारत की शान किसान

—मुकेश कुशवाहा
B.Sc. Ag. I Sem.

मैं हूँ भारत की शान
मानसून की बाट जोहता किसान
कभी मुआवजे के इन्तजार में गरीब इंसान
तो राजनीति में एक वोट बैंक का नाम
हाँ जी मैं हूँ एक किसान

बताते मुझे मैं हूँ अन्नदाता
पशु, खेत, फसल से मेरा नाता
सारा जहाँ मेरी मेहनत से खाता
क्योंकि मैं हूँ अन्नदाता।
मैं किसान हल जोतना पहचान
किन्तु बना हूँ सत्ता की दुकान
पार्टियाँ चाहें मुझसे अपनी-अपनी मुस्कान
बदनाम कर मुझे कमाना चाहे अपना नाम
मैं हूँ एक आसान शिकार इंसान
क्योंकि मैं हूँ एक किसान।

❑

किसान

—दिव्यांशी गुप्ता
B.Sc. Ag. III Sem.

खुद को आज थोड़ा और
खींचते हैं
इन फसलों को अपने गहरे खून से
सींचते हैं
भर देते हैं तुम्हारा पेट मरने से पहले
अपनी अस्थियों से सारा खेत
बीजते हैं।

गर्मी के मौसम में किसान कठिन परिश्रम करते हैं
चिलचिलाती धूप में नंगे पाँव घर से निकलते हैं।
आस उम्मीद लगाये खेतों में हल जोतते हैं
अबकी फसल जीवन देगा इस उम्मीद में धूप में
भी जलते हैं।

शौक नहीं है इनका चिलचिलाते धूप में
निकलने का
डर है इन्हें फसलों के बर्बाद होने का
क्या होली क्या दशहरा इनका तो बस फसल ही
है जीवन का इक सहारा

कभी बाढ़ आती तो कभी बंजर जमीन
हो जाती है।
किसानों का दर्द भला ये दुनिया कहाँ
समझ पाती है।

❑

कविता

—सिम्पल यादव
B.Sc. Ag. III Sem.

जमीन जल चुकी है आसमान बाकी है,
सूखे कुएँ तुम्हारा इम्तहान बाकी है,
वो जो खेतों की मेढ़ों पर उदास बैठे हैं,

उनकी आँखों में अब तक ईमान बाकी है।

बादलों बरस जाना समय पर इस बार
किसी का मकान गिरवी तो
किसी का लगान बाकी है।

फूल खिला दे शाखों पर, पेड़ों को फल दे
मालिक, धरती जितनी प्यासी है उतना
तो जल दे मालिक,

ना धूप सताए दिन की उसे
ना काली रात डराती है
डटा रहे हर मौसम में,
जब तक ना फसल पक जाती है
ऐसी मेहनत किसी और से नहीं बस
किसानों से हो पाती है।

❑

किसान

—काव्या पटेल
B.Sc. Ag. III Sem.

हल कंधे रख चला किसान

सिर पर पगड़ी कमर में धोती
हल कंधे रख चला किसान।

बैल चल रह आगे-आगे
लगते बिल्कुल सीधे-सादे,
धरती माँ की किस्मत जागे
खेती करने चला किसान॥
हल कंधे रख चला किसान

सरदी, गरमी या बरसात,
चाहे दिन हो या चाहे रात।
लू, आँधी या झंझावात,
मेहनत करना उसका काम॥
हल कंधे रख चला किसान॥

है उसका छोटा-सा घर
मिट्टी का पर लगे सुघर,
राजमहल से भी बढ़कर
पाता उसमें वह विश्राम।
हल कंधे रख चला किसान॥

Be Positive

—Zainab Fatima
B. Sc. IIIrd Sem.

Keep your thoughts positive,
Because your thoughts became your words
keep your words positive,
Because your words became your behaviour
keep your behaviour positive,
Because your behaviour becomes your habit.
keep your habits positive,
Because your habits become your values.
keep your values positive,
Because your values become your DESTINY !

❑

मजबूर किसान

—कार्तिकेय कसौधन
B.Sc. Ag. I Sem.

छत टपकती है उसके कच्चे मकान की,
फिर भी 'बारिश' हो जाये, तमन्ना है किसान की।

हमने भी कितने पेड़ तोड़ दिये,
संसद की कुर्सियों में जोड़ दिये,
कुआँ बुझा दिये नदियाँ सुखा दिये,
विकास की ताकत से कुदरत को झुका दिये।

किसान खुश है, बारिश खूब हुई है अबकी बार,
खेत सींच दी है पर मकान का छत तोड़ दी है।

जमीन जल चुकी है लेकिन आसमान अभी बाकी है,
कुएँ सूख चुके हैं लेकिन उम्मीद अभी बाकी है।

ऐ बारिश इस बार जरूर बरस जाना,
किसी का मकान गिरवी तो किसी का लगान बाकी है।

किसान का बेटा

ना भूखा हूँ ना भूखा, किसी को रहने देता हूँ,
मैं गर्व से कहता हूँ, मैं किसान का बेटा हूँ।

जो किसान अपने बच्चे को, बड़े शहर भेजता है,
वो उनकी खुशियों हेतु, दिल पर पत्थर रखकर भेजता है। ❑

किसान

—दीपांशी वर्मा
B.Sc. Ag. III Sem.

कड़ी धूप हो या हो शीतकाल,
हल चलाकर न होता बेहाल।
रिमझिम करता होगा सवेरा,
इसी आस में न रोकता चाल।
खेती बाड़ी में जुटाता ईमान,
महान पुरुष है, है वो किसान।।
छोटे छोटे से बीज बोता,
वहीं एक बड़ा खेत होता।
जिसकी दरकार होती उसे,
बोकर उसे वह तभी सोता।
खेतों का कण-कण है जिसकी जान,
महान् पुरुष है, है वो किसान।।

❑❑

माँ

—युवराज यादव
B.Sc. Ag. I Sem.

जैसा कि हमें जन्म माँ देती है और हम माँ को भगवान् का दूसरा स्वरूप मानते हैं। उसी तरह हमारी भूख को किसान मिटाते हैं अगर मैं गलत नहीं हूँ तो किसान साक्षात् माँ अन्नपूर्णा का स्वरूप है। धरती पर अगर किसान न होते तो शायद हमारा जीवन भूख के कारण कब धरती से लुप्त हो जाता, लेकिन वहीं हमारे किसान आज भी गरीबी की हालत में अपना जीवन गुजार रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति आज भी उतनी अच्छी नहीं है जितनी होनी चाहिए।

"उन घरों में जहाँ, मिट्टी के घड़े रहते हैं,
कद में छोटे हों, मगर लोग बड़े रहते हैं।"

"माना किसान गरीब होते हैं पैसे नहीं होते हैं कभी अकेले में बैठकर सोचना! क्या किसान जितना तुम्हारे जीवन में सुकून है?"

❖❖❖

वक्त

—विजय निषाद
B.Sc. Ag. I Sem.

जब कभी गर्दिश में होते हैं सितारे
तब भुनी मछली स्वयं तालाब जाये
वक्त ही हर ख्वाब को पूरा करे भी
वक्त अपनी आँच में सब कुछ जलाए।

वक्त ही सब कुछ सिखाता है,
वक्त ही स्कूल होता है।

यह समय की गति है इसको कौन जाने
हर घड़ी परिवर्तनों की ही कहानी
फर्श पर आते ही रहते कितने राजा
रंक को मिलती ही रहती राजधानी,

आदमी ही भाल का चंदन
आदमी ही धूल होता है।

❖❖❖

मंजिल

—अंशिका पाण्डेय
B.Sc. Ag. I Sem.

"राह में कांटे एक दो नहीं होते हैं
राह कांटों से भरी होती है
मंजिल उस राह के आखिरी छोर पर खड़ी होती है
जहाँ हर कदम पर मिलती एक नई चोटी है
देख उसे जिनके हौसले डगमगाते हैं
वे मंजिल को भूल कांटों में उलझ जाते हैं
जिनकी निगाह मंजिल पर होती है
वे कांटों पर ही चलकर मंजिल को पाते हैं।"

जो व्यक्ति शक्ति न होने पर
मन में हार नहीं मानता उसे
संसार की कोई भी ताकत
परास्त नहीं कर सकती।

❑❑

किसान

—सौरभ वर्मा
B.Sc. Ag. I Sem.

वो किसान जो
अन्नदाता कहलाता है,
फिर क्यों स्वयं ही,
वो भूखों मर जाता है।

सोने सी फसलों के खातिर,
रहता वो वर्षा को आतुर,
राह ताकता अम्बुद की,
मल्हार गीत वो गाता है
वो हरियाले स्वप्न सजाता है।

वो किसान जो
अन्नदाता कहलाता है,
फिर क्यों स्वयं ही
वो भूखों मर जाता है।

है वो स्वप्निल बीजों को बोता,
रहता प्रहरी दिनरात बना,
रत्ती भर को वो न सोता,
देखता जो अपनी लहलहाती फसलें
उसको तो जैसे जीवन मिल जाता है।

वो किसान जो
जो अन्नदाता कहलाता है
फिर क्यों स्वयं ही
वो भूखों मर जाता है।

❑

किसानों का परिश्रम

—प्रत्यूष पाण्डेय
B.Sc. Ag. I Sem.

परिश्रम की मिशाल है,
जिस पर कर्जों के निशान हैं।
घर चलाने में खुद को मिटा दिया,
और कोई नहीं वह किसान है।
बढ़ रही है कीमतें अनाज की,
पर हो न सकी विदा बेटी किसान की।

सरकार और किसान

किसानों की किस्मत में पड़े हैं लाले,
ऊपर से सरकार के खेल बड़े ही निराले
उन्हें कृषि मंत्री बनाया गया है जिनकी
सात पुश्तों ने भी खेत में पैर नहीं डाले।

सरकार ने किया था वादा,
किसानों की आय दूनी हो जायेगी,
क्या पता था मँहगाई इतनी बढ़ेगी,
कि उनकी जेब सूनी हो जायेगी।

किसान का बेटा

खाट पर लेटा हूँ,
किसान का बेटा हूँ,
किस बात की सजा दी है,
इतनी मेहनत के बाद भी
इतनी परेशानी दी है,
माना बुरा हाल है
पर रखता तू ही ख्याल है,
उन घरों में जहाँ मिट्टी के घड़े रहते हैं,
कद में छोटे हों, मगर लोग बड़े रहते हैं।

❖❖❖

धरती का भगवान्

—सत्यम सिंह
B.Sc. Ag. I Sem.

किसान को यदि धरती का भगवान् कहा जाये तो वह अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि किसान ही इस धरती पर ऐसा इंसान है जो धरती से अन्न उपजाता है। भारतीय किसान सबसे ज्यादा मेहनत करते हैं, लेकिन औद्योगिक क्रान्ति के बाद विकास की अन्धी दौड़ में आज का किसान समय के साथ कहीं-न-कहीं पिछड़ गया है और उनकी आर्थिक स्थिति आज भी उतनी अच्छी नहीं है। जितनी होनी चाहिए।

जब कोई किसान या जवान मरता है।
तो समझना पूरा हिन्दुस्तान मरता है॥
देता रहा तुमको अनाज,
चुका कर खून पसीने का ब्याज।
घमण्ड न ही गुरूर है,
अपने किसान होने का॥

❑

लक्ष्य

—आलोक कुमार वर्मा
B.Sc. Ag. I Sem.

अधिकतर आजकल लोगों का हौसला दूसरे के कुछ निकृष्ट शब्दों के बोल देने से उनका हौसला टूट जाता है। किसी की खरी-खोटी सुननी पड़े तो सुन लो, लेकिन अपने सपनों को हमेशा हिमालय की चोटी की तरह रखो। किसी बुरे वाक्य को सुनने से अपनी मंजिल को सागर की गहराई पर मत लाओ और हमेशा अपने मन को शांत रखकर ही आप आंतरिक शक्ति हासिल कर सकते हैं। मन की थकान आपको आराम करने के

लिए कहेगी और पैर की थकान हमेशा आपको विराम करने को कहेगी परन्तु स्वच्छ मन हमेशा आपको मंजिल को प्राप्त करने को कहेगा। जो व्यक्ति शक्ति न होने पर मन से हार नहीं मानता उसे संसार की कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकती।

❑

मुख्य विचार

—यश पाण्डेय
B.Sc. Ag. I Sem.

जिन्दगी ईश्वर का एक अमूल्य तोहफा है। हम सभी को इसकी वैल्यू पता होनी चाहिए। उसके लिए आभारी होना चाहिए जो हमारे पास है। हमें प्रत्येक दिन अपनी जिन्दगी और खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। हमें हर समय सकारात्मक रहना चाहिए। यह हम जिन्दगी पर अनमोल वचन साझा कर रहे हैं जो अपनी जिन्दगी को खुशहाल और पाजिटिव बना देंगे। हमें अपनी जिन्दगी का महत्त्व पता होना चाहिए। कुछ लोग किसी कारणवश अपनी जिन्दगी से बहुत परेशान हो जाते हैं। ऐसे लोगों के लिए इस लेख में हम जिन्दगी पर सुविचार लेकर आये हैं।

- जिन्दगी अपने हिसाब से जीनी चाहिए,
  औरों के कहने पर तो सर्कस में शेर भी नाचते हैं।
- मिली है जिन्दगी तो कोई मकसद भी रखिए,
  सिर्फ साँसें लेकर गँवाना ही जिन्दगी तो नहीं।
- जीवन हमेशा दूसरा मौका देता है,
  जिसे कल कहते हैं।

❖❖❖

कविता

—वीरेन्द्र कुमार वर्मा
B.Sc. Ag. I Sem.

बंजर-सी धरती से सोना
उगाने का माद्दा रखता हूँ,
पर अपने हक की लड़ाई
लड़ने से डरता हूँ।
ये सूखा, ये रेगिस्तान, सूखी
हुई फसल को देखता हूँ,
न दिखता कोई रास्ता तभी
आत्महत्या करता हूँ।

उड़ाते हैं मखौल मेरा ये
सरकारी कामकाज,
बन के रह गया हूँ राजनीति
का मोहरा आज।
क्या मध्य प्रदेश क्या
महाराष्ट्र तमिलनाडु से
लेकर सौराष्ट्र,
मरते हुए अन्नदाता की
कहानी बनता, मैं किसान हूँ।

साल भर करूँ मैं मेहनत,
उगाता हूँ दाना,
ऐसी कमाई क्या जो
बिकता बारह रुपया पर
मिलता चार आना।
न माफ कर सकूँगा,
वो संगठन वो दल,
राजनीति चमकाते बस अपनी,
यहाँ बर्बाद होती फसल।

लहलहाती फसलों वाले
खेत अब सिर्फ सिनेमा में होते हैं,

असलियत तो ये हैं कि हम
खुद ही एक-एक दाने को रोते हैं।

बहुत गीत बने बहुत लेख
छपे कि मैं महान् हूँ,
पर दुर्दशा न देखी मेरी
किसी ने ऐसा मैं किसान हूँ।

❖❖❖

कविता

—शालवी वर्मा
B.Sc. Ag. I Sem.

कई जीत बाकी है कई हार बाकी है,
अभी तो जीवन का सार बाकी है।
यहाँ से चले हैं नई मंजिल के लिए,
यह तो एक पन्ना था अभी तो पूरी किताब बाकी है।
दुनिया का हर शौक पाला नहीं जाता,
कांच के खिलौनों को उछाला नहीं जाता।
मेहनत करने से मुश्किल हो जाती है आसान,
क्योंकि हर काम तकदीर पर टाला नहीं जाता,
सामने हो मंजिल तो रास्ते न मोड़ना,
जो भी हो मन में वह सपने मत तोड़ना
कदम-कदम पर मिलेंगी मुश्किलें आपको,
बस सितारे चुनने के लिए जमीन मत छोड़ना
क्यों भरोसा करता है गैरों पर
जब चलना है तुझे अपने ही पैरों पर
खोकर पाने का मजा ही कुछ और है,
रोकर मुस्कुराने का मजा ही कुछ और है,
हार तो जिन्दगी का हिस्सा है मेरे दोस्त,
हार कर जीत जाने का मजा ही कुछ और है,
क्यों डरें कि जिंदगी में क्या होगा,
हर वक्त क्यों सोचें कि बुरा होगा।
बढ़ते रहे मंजिल की ओर हम,
कुछ न मिला तो क्या तजुर्बा तो नया होगा।

❑

अशिक्षा

—बृजेश कुमार वर्मा
B.Sc. Ag. I Sem.

भारतीय किसान के जीवन स्तर और उनके परिश्रम में बड़ा अंतर होता है। वे जितना मेहनत करते हैं उसका उन्हें सही मूल्य नहीं मिलता है। इनकी समस्या का मुख्य कारण अशिक्षा है। इसके प्रति किसान खुद को और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित करे और कृषि में व्यापारिक सम्भावना की तलाश करे।

कृषि में व्यवसाय की असीम सम्भावना है, लेकिन बहुत से लोग इसे छोटा मानते हैं।

- खाना खाते वक्त ये दुआ जरूर करना दोस्तों
  जिसके खेतों से मेरा खाना आया है
  उसके बच्चे कभी भी भूखे न सोयें।
- किसान के पास पैसे कम हो सकते हैं
  और बहुत सारी समस्याएँ भी हो सकती हैं
  पर वो स्वस्थ होता है और रात में चैन से सोता है।

❖❖❖

Never Give Up

—Jyoti
B. Hsc.IInd Year.

If I made a mistake,
then I would have to retake,
and do it once again,
even feel the pain.

But there also lays a prize,
and that made me realise that,
even if hope for was to fail,
it would be a learning trail.

If I hope for medals and a cup,
I can't just rely an luck,
must do hard work,
to show the world my worth.
That's the essence of never give up.

❑

परिवार का मुखिया

–दुर्गेश तिवारी
B.Sc. Ag. I Sem.

मैं, दफ्तर से लौटा तो ऐसा लगता है कि कोई बुला रहा है।
घर के अन्दर से निकल जैसे- कोई मेरे पास आ रहा है॥
लगता है कि वो डांटेगा और कहेगा कि मास्क नहीं लगाया तूने।
अरे ऐ बाइक और मोबाइल भी आज सेनेटाइज नहीं किया तूने॥
महामारी फैली हुई है और तू बेपरवाह होता जा रहा है।
हेलमेट भी नहीं लगाया कितना लापरवाह होता जा रहा है॥
हर रोज की तरह आज भी तू मुझको बता कर नहीं गया।
तेरी माँ सुबह से परेशान है, कि तू खाना खाकर नहीं गया॥
सोचता हूँ कि ऐ सब घर पर सुनूँगा और सहम जाऊँगा मैं,
मगर ऐ क्या पता कि अब ऐ सिर्फ एक वहम पाऊँगा मैं॥

अब घर लौटते ही दरवाजे पर खड़े पिताजी नहीं मिलते,
मेरा जीवन नौका तारणहार मेरे वो माँझी नहीं मिलते॥
अब क्या गलत है और क्या सही है, ये बताने वाला कोई नहीं,
बार-बार डॉटकर फटकार कर अब समझाने वाला कोई नहीं।
आज सब कुछ पाकर जब अपने पैरों पर खड़ा हो चुका हूँ मैं।
पर मेरे पापा गलती नहीं बताते क्या इतना बड़ा हो चुका हूँ मैं॥
आज सुख-चैन है, खुशियाँ हैं मेरे पास मगर आप नहीं,
ये मकान शरीर खड़ा है मगर इसमें शायद प्राण नहीं।
धैर्य, त्याग, स्नेह, समर्पण, परिश्रम और अनुशासन हैं,
पिताजी परिवार रूपी देश पर एक लोकतांत्रिक शासन हैं॥
वो जो मेरी खुशी के लिए अपनी खुशी भूल जाते हैं,
वो जो मेरी एक हँसी के लिए कुछ भी कर जाते हैं।।
अपने दर्द को मेरे सामने अक्सर छुपाया करते हैं,
जो मुझे चाहिए वो वक्त से पहले ला देते हैं।
इस कदर वो अपना नि:स्वार्थ प्रेम जताया करते हैं
मेरे नाम से जाने सब उन्हें ऐ सपना है उनका,
पूरा करना है ऐ सपना यही है मकसद जिंदगी का,
उसके गुस्से में भी प्यार छुपा होता है।
उसकी डांट में भी दुलार भरा होता है,
और उसी शख्स का नाम पापा होता है।

❖❖❖

खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाना : भारत के खेल परिदृश्य पर एक नज़र

—जान्हवी सिंह
बी.पी.ई.एस. द्वितीय वर्ष

हाल के वर्षों में भारत ने खेलों में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव देखा है, जो पारंपरिक मानदंडों से एक महत्त्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश लैंगिक समानता के महत्त्व को अपना रहा है, महिलाएँ विभिन्न खेल क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं, रूढ़ियों को चुनौती दे रही हैं और भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर रही हैं।

एक समय पुरुष खिलाड़ियों के वर्चस्व वाले क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी और लोकप्रियता में उछाल देखा गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, प्रमुख टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुँची है। मिताली राज और हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ी बाधाओं को तोड़ते हुए और युवा लड़कियों को अपने क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते हुए घर-घर में मशहूर हो गई हैं।

क्रिकेट से परे, बैडमिंटन, कुश्ती और एथलेटिक्स जैसे खेलों में महिलाओं की भागीदारी और सफलता में उछाल देखा गया है। बैडमिंटन की सनसनी पी. वी. सिंधु ने 2016 में ओलंपिक रजत पदक जीता और इसके बाद 2020 में कांस्य पदक जीता, जो महत्त्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक आइकन बन गई। 2016 के रियो ओलंपिक में पहलवान साक्षी मलिक के ऐतिहासिक कांस्य पदक ने एक महत्त्वपूर्ण मोड़ ला दिया, जिसने सामाजिक मानदंडों को चुनौती दी और खेलों में भारतीय महिलाओं की प्रतिभा को उजागर किया।

सरकारी पहल, जैसे कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने महिला खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इन पहलों का उद्देश्य प्रवेश की बाधाओं को तोड़ना, लड़कियों को समान अवसर और खेल सुविधाओं तक पहुँच प्रदान करना है। देश भर में युवा महिला एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के कार्यक्रम और प्रतिभा खोज पहल लागू की गई हैं।

इन सकारात्मक कदमों के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह, बुनियादी ढाँचे की कमी और सामाजिक अपेक्षाएँ अभी भी खेलों में महिलाओं की प्रगति में बाधा डालती हैं। हालाँकि, सफल महिला एथलीटों की बढ़ती दृश्यता और महिलाओं के खेलों के लिए बढ़ता समर्थन एक सांस्कृतिक बदलाव में योगदान दे रहा है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत महिला खेलों के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी दौर से गुज़र रहा है। एथलीटों द्वारा बाधाओं को तोड़ने और राष्ट्र द्वारा उनकी उपलब्धियों के पीछे एकजुट होने के साथ, भारतीय खेलों में महिलाओं के लिए भविष्य आशाजनक दिख रहा है। जैसे-जैसे देश लैंगिक समानता को अपना रहा है, खेल में महिलाएँ सशक्त रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रही हैं, आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर रही हैं और भारत के खेल परिदृश्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ रही हैं। ❑

कविता

—Manshi Yadav
B.Sc. Home Science
1st Years

नदी–सा चल सरोवर–सा रुक नहीं
अपनी ख्वाहिशों को सीमित कर नहीं
अभी ख्वाहिशों के परिंदों की उड़ान बाकी है
क्या फिक्र तुझे अभी पूरा जहान बाकी है

तेरे सब्र का इम्तहान बहुत से लोग लेंगे
तेरी खामोशियों को तेरी कमजोरी समझेंगे
अभी खामोशियों के पीछे की ज्वाला बाकी है
क्या फिक्र तुझे अभी पूरा जहान बाकी हैं
बिन मेहनत मिली सफलता पीतल है
अंदर से ज्वाला बाहर से शीतल है
अभी सोने को कुन्दन बनना बाकी है
क्या फिक्र तुझे अभी पूरा जहान बाकी है

जो सोच लिया तूने समझो पा लिया
सफलता की ओर कदम तूने बढ़ा लिया
अभी सफलता का शीर्ष झुकना बाकी है
क्या फिक्र तुझे अभी पूरा जहान बाकी है।।

❑

किसानों की पहचान

—अभिषेक कुशवाहा
B.Sc. Ag. I Sem.

छोटे–छोटे हाथों में छाले हो जाते हैं,
किसान के बच्चे इसलिए दिलवाले हो जाते हैं,
यही बार्डर पर सेना में कुर्बान हो जाते हैं,
किसान के बच्चे वक्त से पहले जवान हो जाते हैं।

ईमान का सौदा करता है
जिन्दगी की कीमत क्या जाने?

जो 'फसल' की कीमत दे न सके
वो 'जान' की कीमत क्या जाने?

जिसके नाम में ही सान है
उसके लिए क्या लिखें

कट गये हैं हाथ
जो उगाते हैं देश के लिए अनाज
बढ़ गई जनसंख्या कम हो गये किसान
अब तो चारो ओर दिखते हैं मकान ही मकान
कहाँ से लायें खेत और कहाँ से खलिहान
क्या करेंगे अब मेरे देश के किसान।

❑

Good Students

—Uma
B. Sc.Vth Sem.

"It is difficult for a student to pick a good teacher, but it is more difficult for a teacher to pick a good student".

A good student must have a huge desire and passion to learn and explore new things they have always positive attitude towards life and they always prepare for every task. A good students is truthful, honest and frank they always attend all classes they are very punctual and they do accurate thing at the right time. A good student should be very active and hard working, he know how to develop his/her self-discipline and a good student never disappoints his teacher and obey all the things about his teachers.

Some qualities of a good Student

- A good student always come complete and clean uniform.
- They always respect their teachers.
- They never fight with others.
- They are very punctual.
- They always help other students for study.

- They always take a part in all extra curricular activities.

❑

Strong Woman

—Ritu Singh
B. Sc.Vth Sem.

She sweats beads of sweat,
Never complains, you can bet;
She worries about her children,
Just like a mother hen;
She doesn't show her weakness,
But deep down, we know she's restless;
She learns from her past,
And chooses to keep going forward;
She transforms her pain and suffering,
Into Strength and Wisdom;
She believes God sees her suffering,
The society isn't caring;
She smiles despite her worry,
While tears makes her eyes blurry;
She longs for a union all but stressful,
The one you had think was all blissful;
She is treat in way that is inhuman,
Indeed, she's a STRONG WOMAN !

❑

Faith in Love

—Charul Chauhan
B.Sc.VI Sem.

Talking about trust in love ? Who calls love without trust ? Trust is something that binds relationships so close together like particles of solid that there is no hope of disintegration.

A relationship with any person, be it with parents, siblings, husband and wife or with a friend, that relationship can be beautiful only if there's a loyalty, sincerity, love and perfection in it, be sure.

Just as we have complete trust in God that he will surely reward us for the supplications we ask, if we trust in the love of God, then he will never return us empty handed. He will never break our faith, provided you believe.

For this you need positive thinking and trust.

❑

कोशिश कर

—Palak Yadav
B.Sc. I Sem (ZBC)

कोशिश कर, हल निकलेगा।
आज नहीं तो, कल निकलेगा।
अर्जुन-सा लक्ष्य रख, निशाना लगा।
मरुस्थल से भी फिर, जल निकलेगा।।
मेहनत कर, पौधों को पानी दे।
बंजर में भी, फल निकलेगा।।
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे।
फौलाद का भी, बल निकलेगा।।
सीने में उम्मीदों को जिंदा रख।
कोशिशें जारी रख, कुछ कर गुजरने की।
जो कुछ थमा-थमा है, चल निकलेगा।।
कोशिश कर, हल निकलेगा।
आज नहीं तो, कल निकलेगा।।

❑

खाने और सोने का नाम जीवन नहीं है। जीवन नाम है सदैव आगे बढ़ने की लगन का।

—प्रेमचन्द

नर्सिंग का सफर

—Madhu Gaur
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

भवदीय की रोशनी में उठ खड़ा होकर
अपने सपनों की मंजिल की ओर चलना है,
नर्सिंग की गाथा, परिवार का त्याग
विजय की चिंगारी नई उड़ान भरना है,
नर्सिंग की शिक्षा संघर्षों को पार करना है,
उदास न होकर खुशियों का जंग जीतना है,
खुद के दर्द छुपा के औरों के जख्म भरना है,
अपनी एक पहचान बनाकर सबको दिखाना है,
अपनी एक मुस्कान से लड़ने की आशा भरना है,
जहाँ दुनिया अपनों से लड़ती है,
वहाँ हमें गैरों को भी अपना बनाकर चलना है,
श्रम की महिमा पिता की कहानी,
नर्सिंग का सफर, जीवन की यही कहानी।

❑

Hostel Life

—Shivani
B.Sc. Nursing IInd Sem.

Savitri Bai Phule हॉस्टल की अलग-सी दुनिया है यहाँ,
खुशी हो या गम साथ पूरा है यहाँ,
कभी Artist तो कभी अवारा है यहाँ,
पढ़ते हुए भी मस्ती होती है यहाँ,
कभी लड़ते हैं तो कभी झगड़ते हैं यहाँ
कभी Rude तो कभी Friendly होते हैं,
अलग-अलग City से होकर भी सबसे पास हो जाते हैं
अलग-अलग Religion से होकर भी एक Family बन जाते हैं,
अकेलेपन के आदी भी साथ रहना सीख जाते हैं,
Five Star Hotel में खाने वाले भी Normal खाना सीख जाते हैं,
हर शरीफ कमीना बनता है यहाँ
हाँ मैं बात कर रही हूँ Bhavdiya Campus की।।

❑

प्रेरणा

—Antima Gaud
GNM Ist Year

कई जीत बाकी है कई हार बाकी है,
अभी तो जिन्दगी का सार बाकी है।
यहाँ से चले हैं नई मंजिल के लिए,
यहाँ तो एक पन्ना था अभी तो पूरी किताब बाकी है।

दुनिया का हर शौक पाला नहीं जाता,
कांच के खिलौनों को उछाला नहीं जाता।
मेहनत करने से मुश्किल हो जाती है आसान,
क्योंकि हर काम तकदीर पर टाला नहीं जाता।

सामने हो मंजिल तो रास्ते न मोड़ना,
जो भी हो मन में वह सपने मत तोड़ना।
कदम-कदम पर मिलेंगी मुश्किलें आपको,
बस सितारे चुनने के लिए जमीन मत छोड़ना।

क्यों भरोसा करता गैरों पर,
जब चलना है तुझे अपने ही पैरों पर
खोकर पाने का मजा ही कुछ और है,
रोकर मुस्कुराने का मजा ही कुछ और है।
हार तो जिंदगी का हिस्सा है मेरे दोस्त,
हार कर जीत जाने का मजा ही कुछ और है।

क्यों डरें कि जिंदगी में क्या होगा,
हर वक्त क्यों सोचें कि बुरा होगा।
बढ़ते रहें मंजिल की ओर हम,
कुछ न मिला तो क्या तजुर्बा तो नया होगा।

❑

जिससे कभी मिले न हो

—Pooja Yadav
B.Sc. Nurshing IIIrd Sem.

दिल के किसी कोने में
हम सपनों का घर सजा बैठे
जिससे कभी मिले न हों
उस संग प्रीत लगा बैठे।

हर रिश्तों की अहमियत को समझ लिया
जब घर से बाहर को जाना हुआ उन राहों में
जब खुद को संग अकेला पाया
उन राहों में सबको परख बैठे
जिससे कभी मिले न हों
उस संग प्रीत लगा बैठे।

कंधो पे लिये घर की जिम्मेदारियाँ
लेकर इरादों की बुलन्दियाँ हम सब निकल पड़े
पूरा करने उन ख्वाबों को जिनके
महल हम सपनों में बना बैठे
जिससे कभी मिले न हों
उस संग प्रीत लगा बैठे।

फिर आया तो मोड़ जहाँ न जाने कितने
शहर की गलियों से आकर एक
कॉलेज कैम्पस को अपनी दुनिया बना बैठे।
जाने कितने खट्टे-मीठे रिश्ते हम बना बैठे
जिससे कभी मिले न हों.....।

कुछ दोस्त ऐसे मिले जिनके संग
हम खुशियों की आस लगा बैठे
उनके बिना न हँसना न रोना
कुछ ऐसी Bonding बना बैठे
जिससे कभी.....।
वो ऐसे जो दुख में भी साथ
और खुशियों में पीछे से तंज लगा बैठे।
जिससे.....प्रीत लगा बैठे।

करने चले हँसी ठिठोली सर पे चाहे
कितना भी बोझ पड़ा
फिर याद आयी वो सभ्यता जिसमें
थी हमारे कैम्पस की पराकाष्ठा
भूलकर सारी नादानियाँ
अनुशासन को अपना बैठे
जिससे कभी मिले न हों
उस College कैम्पस संग
हम सबसे प्रीत लगा बैठे।

❑

नर्स का कर्त्तव्य

—Babita Yadav

दिल से दयावान, निश्छल भाव सेवा है, धर्म तुम्हारा,
विनम्र स्वभाव और मानवता, से ही होगा देश का उजियारा।
बिना भेदभाव के मरीजों का ख्याल रखना,
है जन-मानस से लगाव तुम्हारा।।

न रातों को सोना, न अपने दु:खों में रोना,
अपने निजी सुखों को त्यागकर, है देश से लगाव तुम्हारा।
बीमार है, जो किस धर्म का है, न तुमको उससे भेद पड़ी,
सेवा उनकी तुमको करनी है, तहेदिल से आभार तुम्हारा।।

दिल की दुआ मजबूर हुई, तो तुमने दवा से काम लिया,
उस नब्ज को फिर न थमने दिया, जिस नब्ज को तुमने थाम लिया।
है धर्म तुम्हारे कितने अच्छे, अच्छा कितना स्वभाव तुम्हारा,
कितनी सेवा की लोगों की, है जन-मानस से लगाव तुम्हारा।।

❑

मेरे पापा

—Kanchan Verma
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

मीलों दूर पैदल चलकर वो काम पर जाया करते थे,
फिर भी खुलकर मुस्कुराया करते थे।
जो मिला उसे हमारे लिये अपने जेब में रख लेते हैं,
मेरे पापा पानी पी कर ही पेट भर लिया करते हैं।
हम देखते हैं सपने भारी, मुस्कुराकर पूरा करने की
कोशिश करते रहे जारी।।
हमारे पापा एक शर्ट में सालों बिता लेते हैं,
और मेरे लिये कपड़ों का भंडार लगा देते हैं।
बीमार होने पर वह मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर खा लेते हैं।
मेरे पापा मेरे भविष्य के लिए पाई-पाई बचाते हैं।
मेरे पापा हमेशा बड़बड़ाते रहते हैं अकेले,
हमें नहीं पता क्या सोचते रहते हैं हमेशा।
खर्च नहीं करते अपने ऊपर एक भी पैसा,
हमारे भविष्य के लिए हमेशा पाई-पाई बचाया करते हैं।
पापा जैसा कौन उदार हृदय वाला होगा।
कौन हमारा उनके जैसा सच्चा शुभचिंतक होगा,
पापा हैं तो सारी खुशियाँ हैं।
पापा ही हमारे लिये सारी दुनिया है।
याद आती है पापा आपकी बहुत,
गिनती रहती हूँ दिन हमेशा
बीत जाते हैं महीने आपको देखे।
रहते थे जो हमेशा आँखों के सामने
रखते हो आप सिर पर हाथ
तो मानो सारी दुनिया की खुशी मिल गई हो।

❑

कलयुग की नारी पीड़ा

—स्वीटी वर्मा
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

तो ऐसा वैसा न समझें, कि यूँ ही बहल जाऊँगी।
मेरी बातों को ध्यान से सुनियेगा मैं किसान
की पुत्री हूँ दो शब्दों में खेल जाऊँगी।।

एक मासूम-सी लड़की हूँ, मगर आँखों में आँसू
और दिल में सवाल लेकर आयी हूँ।
आखिर क्यूँ इतनी गलत होती हैं लड़कियाँ,
मैं बस आज यही जानने आयी हूँ।।
मैं ही वो नादान-सी बच्ची हूँ, जो चिल्ला-चिल्लाकर कहती है
छोड़ दो मुझे मैं उम्र से कच्ची हूँ।।

हाँ हुआ था शोषण मेरा भी, पर मैं खुद को
मौत के घाट नहीं ले जाऊँगी।
मैं कलयुग की बेटी हूँ, लाज बचाने को श्रीराम को नहीं बुलाऊँगी।
धारण कर मैं अस्त्र-शस्त्र को खुद ब्रह्मास्त्र चलाऊँगी।
हनुमान की भक्त हूँ मैं ये कहने से नहीं कतराऊँगी।।
तुम छुओ तो मेरी पूँछ को, मैं खड़े-खड़े तुम्हारी लंका फूँक जाऊँगी।
मैं कलयुग की बेटी हूँ लाज बचाने को श्री राम को नहीं बुलाऊँगी।।

❑

सेना को समर्पित

—श्वेता
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

किसका खून नहीं खौलेगा,
पढ़ सुनकर अखबारों में,
शेरों की गर्दन कटवा दो
कुत्तों के दरबारों में।
पूरी घाटी तो दहल चुकी,
आतंकी अंगारों से,
कश्मीर में आग लगी है,
पाकिस्तानी नारों से।
चाँद सितारे वाले झंडे,
घाटी में लहराते हैं।
और हमारे शीश शर्म से
रोज-रोज झुक जाते हैं।
बहुत हो चुका मोदी जी,
ये मौन आपके खलते हैं
रोज सैनिकों की लाशों से,
जिगर हमारे जलते हैं।

अब घर के गद्दारों को भी,
थोड़ा-सा झटका दो
जो सेना पर पत्थर फेंके,
लाल किले पर लटका दो।

❑

लक्ष्य

—दीप्ती वर्मा
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

हर कदम पर अपनी पहचान करो,
इस कदम को पिछले से खास करो,
न लगे तुम्हें वो पथ सही,
तो दीप्त पथ का निर्माण करो,
मंजिल पर कर अपना फतेह,
जब परचम लहरायेगा,
वो खुशी हमें जब 'रत्न' मिलेगा,
पूरा भवदीय हर्षित हो जायेगा।

❑

बचपन की सुनहरी यादें

—सौम्या वर्मा
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

न ही कोई स्मार्टफोन था और न ही
रिलेशनशिप का कोई फंडा था,
दिन में दोस्तों के साथ स्कूल जाना था,
और शाम को खेल के मैदान का अड्डा था,
पढ़ने का लिखने का और मस्ती करने का
कुछ अलग ही सुकून था,
सच कहूँ तो बचपन की जिन्दगी में
कुछ अलग ही जुनून था
हँसने की खेलने की एक अलग ही
शाम आती थी,
जब भी कभी हमारे होठों पर बचपन वाली
मुस्कान आती थी
जब बचपन था तो कुछ अलग ही जमाना था
खुशियों का कुछ अलग ही ठिकाना था,
दादी माँ की पुरानी कहानियों में
राजा-रानी और परियों का अलग ही फसाना था
आखिर हम सब इतने बड़े क्यों हो गये,
इससे अच्छा तो बचपन का जमाना था
वो बचपन का जमाना था।

❑

अपनी बातें

—ज्योति मौर्या
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

सब बोलते हैं कि लाइफ को इंज्वाय करो। सही बोलते हैं शायद लेकिन इंज्वाय करने के लिए समय भी तो चाहिए जो कहाँ है मेरे पास। आँखों में पापा का सपना परिवार की खुशियाँ लेकर आयी हूँ। गाँव को परिवार को छोड़ के। ये सोचकर शायद कुछ संघर्ष की कहानी हम भी लिखेंगे नहीं तो ये वक्त की पहेलियाँ हमें यहाँ लाकर न खड़ा करतीं। अपनों की खुशियाँ सपनों के लिए अपने सपने छोड़ न देती। हर दिन खुद को कम्पेयर न करती। कभी वक्त के साथ भागते रहना, कभी हालातों के बोझ को गिनते रहना लेकिन सुना है कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। यहाँ कुछ पाने के चक्कर में सबकुछ खो बैठी फिर भी कहानी को संघर्ष का नाम देंगे हमारी कहानी हम खुद लिखेंगे।।

❑

रोजगार की चाहत

—सोनम विश्वकर्मा
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

खाली कंधों पर थोड़ा-सा भार चाहिए,
बेरोजगार हूँ साहब रोजगार चाहिए।
जेब में पैसे नहीं हैं डिग्री लिये फिरता हूँ
दिनोदिन अपनी नजरों में गिरता हूँ
कामयाबी के घर में खुले किवाड़ चाहिए
बेरोजगार हूँ साहब मुझे रोजगार चाहिए॥

दिन-रात करके मेहनत बहुत करता हूँ
सूखी रोटी खाकर ही चैन से पेट भरता हूँ
भ्रष्टाचार से लोग खूब नौकरी पा रहे हैं
रिश्वत की कमाई खूब मजे से खा रहे हैं
नौकरी पाने के लिए यहाँ जुगाड़ चाहिए
बेरोजगार हूँ साहब मुझे रोजगार चाहिए॥

टैलेंट की कमी नहीं है भारत की सड़कों पर
दुनिया बदल देंगे भरोसा करो इन लड़कों पर
लिखते-लिखते मेरी कलम तक घिस गई
नौकरी कैसे मिले जब नौकरी ही बिक गई
नौकरी की प्रक्रिया में अब सुधार चाहिए
बेरोजगार हूँ साहब मुझे रोजगार चाहिए॥

❑

माँ पर कविता

—रूपम यादव
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

माँ तो आखिर होती है माँ
अपने सपनों को त्यागकर,
रातों को जागकर
हमारी ख्वाहिशें करती है पूरी
उनके बिना जिंदगी अधूरी,
ममता मयी आँचल है जिनकी
जैसे गौरी और जानकी।
खुशियों की तो यह है मोती,
माँ की आँखों में करुणा की ज्योति
रिश्तों को यह संजोए रखती,
सारे दर्द खुद ही सह लेती
अपनों पे जब संकट आता है
मौत से भी लड़ जाती है।
कभी दुर्गा कभी चंडी बन जाती,
जब बात अपने बच्चों पर आती है।
रब की परछाई होती है माँ,
माँ तो आखिर होती है माँ।।

❑

कालेज का वो पहला दिन

—कविता यादव
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

नई सुबह के साथ आयी, कुछ नया करने की बारी,
मन में लिए बुलन्द हौसले और कॉलेज जाने की हुई तैयारी,
नई उम्मीदों का पंख लिये, चले हम अब नर्सिंग की ओर,
लिया सलाह जब लोगों से, तो मिला हमें भवदीय का शोर,
पहुँचे जब भवदीय कॉलेज, तो देखा हमने अजब नजारा,
हरियाली के मैदानों में चमक रहा था भवदीय हमारा,
नये लोग, नया कॉलेज और नये-नये थे टीचर्स,
मन में था बस एक सवाल, पता नहीं कैसे होंगे सीनियर्स,
न कोई थी जानकारी, न किसी से हुई बात हमारी,
ज्योति मैम से हुई मुलाकात, तो उन्होंने बताई बात सारी,
चल दिये अब हम अपनी नयी मंजिल की ओर,
जहाँ भी जाओ, हर तरफ था नर्सिंग का शोर,
नये-नये चेहरे पर मंजिल हमारी एक,
नर्सिंग करना था जरूरी, क्योंकि इसमें स्कोप है अनेक,
मिले हमें वहाँ टीचर कई,
क्लासेज भी नई-नई,
हुई शुरू फिर पहचान हमारी,
बातें हुईं फिर बहुत सारी,
फिर टीचर ने हमें बताया, क्या होता है नर्सिंग,
हम भी कहाँ शांत बैठे, हमने भी शुरू की सर्चिंग,
धीरे-धीरे सब पता चला जब,
मेहनत करने लगे फिर सब,
सीनियर्स से तब बढ़ी पहचान,
देने लगे हम उनको मान-सम्मान,
ऐसे ही मस्ती से दिन बीते हमारे,
लड़ते-झगड़ते और फिर एक हो जाते सारे।

❑

पापा और अधूरी यादें

—नेहा
B.Sc. Nurshing IInd Sem.

पापा आपकी बहुत याद आती है,
सुबह होते ही लौट आती हैं सबकी खुशियाँ,
पर मेरी आपके बिना अधूरी शाम आती है
आज भी याद है वो दिन मुझे, जब आप गोदी में उठाते थे,
नींद आती थी जब कभी मुझे,
आप अपनी बाँहों में सुलाते थे,
लाड़ करते थे सब पर आप बेटा-बेटा बुलाते थे।
कभी डर लगता था आपकी डांट से
आज आपकी खामोशी सताती है
बस आप नहीं आते पापा,
आपकी याद हर रात आती है।
सब हैं पास मेरे बस आप नहीं हैं
दिल दुखता है कितना मेरा,
पापा क्या आपको एहसास नहीं है।
कहते थे जान हूँ आपकी, हर खुशी और शान हूँ आपकी,
आप कहाँ चले गये पापा, आज फिर से कहो न कि मैं
बेटी नहीं अरमान हूँ आपकी।
याद आते ही हरदम सबसे छुप-छुपकर रोती हूँ
आप एक बार छोड़कर क्या गये पापा
मैं आपको हर रात खोती हूँ।
जिन्दगी आपके बिना अब अच्छी नहीं लगती,
आप आते क्यूँ नहीं मेरे बुलाने पर पापा
क्या मैं आपकी छोटी बच्ची नहीं लगती।

❑

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस द्वारा संचालित

MBA, BBA, BCA, B.Com, B.ScAG, B.Sc, BPES, MSW, M.Com, BTC, B.Ed,

B.Lib, M.Lib, M.Sc. AG, D.Pharma, B.Pharma, M.Pharma

पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा 2023 व अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों में स्वर्णपदक विजेता–

निम्नलिखित छात्र/छात्राओं को 2023 की वार्षिक परीक्षा में इस संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रथम श्रेणी के साथ सर्वाधिक अंक व प्रस्तुति करने के उपलक्ष्य में, संस्थान द्वारा पुरस्कार स्वरूप स्वर्णपदक, प्रमाण पत्र एवं एक हजार एक सौ रुपये नकद प्रदान किया जाता है–

1. **प्रज्ञा तिवारी को एम.बी.ए. (80.1%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **रमाऊदेवी (माता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
2. **मो0 सज्जाद खान को बी.बी.ए. (71.62%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **हेमराज वर्मा (पिता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
3. **प्रशांत कुमार श्रीवास्तव को बी.सी.ए. (76.10%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **प्रो. मंशाराम वर्मा (पूर्व महानिदेशक, बी.जी.आई.)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
4. **मनु गुप्ता को बी.कॉम. (62.22%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **गया प्रसाद वर्मा (पिता : इं. पी. एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
5. **मो0 मुल्तमिश को एम.कॉम. (57.81%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **झिनका देवी (माता : इं. पी. एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
6. **नीलेश मिश्रा को डी.फार्मा (79.48%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **डॉ0 जगदीशनारायण 'पंकज'(भवदीय प्रकाशन के परम सहयोगी)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
7. **तुषार गुप्ता को बी.फार्मा (87.2%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **राममिलन चौधरी** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
8. **श्रवण कुमार पाण्डेय को बी.एड्. (85.33%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **रामतेज वर्मा (पिता : श्री फूलचन्द्र वर्मा, परिसर प्रभारी)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
9. **कु0 प्रियंका गुप्ता को बी.टी.सी. (92.50%)** की परीक्षा 2023 में भवदीय हेमराज वर्मा टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **रमाऊदेवी (माता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।

10. **कु. आकांक्षा चौधरी को बी.टी.सी. (93.62%)** की परीक्षा 2023 में भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **हेमराज वर्मा (पिता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
11. **आशु शर्मा को बी.टी.सी. (94.68%)** की परीक्षा 2023 में श्री साईं राम इन्स्टीट्यूट में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **प्रो. मंशाराम वर्मा (पूर्व महानिदेशक, बी.जी.आई.)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
12. **उपासना को बी.एस–सी. कृषि (80.42%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **गया प्रसाद वर्मा (पिता : इं. पी.एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
13. **कमलेश कुमारी को बी.एस–सी. गृहविज्ञान (73.66%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **झिनका देवी (माता : इं. पी.एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
14. **आफरीन बानो को बी.लिब (77.20%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **डॉ0 जगदीशनारायण 'पंकज' (भवदीय प्रकाशन के परम सहयोगी)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
15. **दीक्षा गोस्वामी को बी.एस–सी. बायो ग्रुप (65.44%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **राममिलन चौधरी** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
16. **शनि सिंह को बी.पी.ई.एस. (84.93%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **रामतेज वर्मा (पिता : श्री फूलचन्द्र वर्मा, परिसर प्रभारी)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
17. **पृथ्वीराज को एम.एस.डब्ल्यू. (65.31%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **रमाऊदेवी (माता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
18. **पुष्पाराज को एम.लिब. (74.90%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **हेमराज वर्मा (पिता : मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्ध निदेशक)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
19. **महीप कुमार को एम.एस.सी. कृषि एग्रोनॉमी (79.59%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **प्रो. मंशाराम वर्मा (पूर्व महानिदेशक, बी.जी.आई.)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
20. **नेहा गोस्वामी एम.एस–सी. कृषि हार्टीकल्चर (73.88%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **गया प्रसाद वर्मा (पिता : इं. पी. एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।
21. **दीपक कुमार को एम.एस–सी. कृषि स्वायॅल साइंस (75.76%)** की परीक्षा 2023 में संस्थान में प्रथम श्रेणी के साथ प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा **झिनका देवी (माता : इं. पी.एन. वर्मा, चेयरमैन)** स्मृति स्वर्णपदक प्रदान किया जाता है।

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/